




बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 13 अप्रैल 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 75 | मूल्य - 5 रुपये














## अलविदा आशा भोसले, सुरों की मल्लिका का राजकीय सम्मान के साथ आज किया जायेगा अंतिम संस्कार..

मुंबई।

***सुरों की मल्लिका आशा भोसले का आज 12 अप्रैल 2026 को 92 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें शनिवार रात चेस्ट इन्फेक्शन के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। आशा भोसले बीते 70 सालों से हिंदी सिनेमा का हिस्सा थीं। उन्होंने कई***



भाषाओं में रिकॉर्ड 12 हजार गाने गाए। आज 13 अप्रैल को आशा भोसले की अंतिम यात्रा 2 बजे के बाद निकाली जाएगी। अंतिम दर्शन का समय सुबह 10.30 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। उनके बेटे आनंद भोसले ने बताया कि सोमवार 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे लोअर परेल स्थित उनके निवास 'कासा ग्रैंड' में अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर रखा जाएगा, जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने राज्य सरकार की ओर से राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की घोषणा की। गौरतलब है कि एक समय ऐसा भी था जब आशा को यह कहकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो से निकाल दिया गया कि उनकी आवाज खराब है। आज दुनियाभर के कई होटलों की मालकिन आशा भोसले का बचपन गरीबी में बीता। तंगहाली का आलम ये था कि फीस नहीं होने के चलते उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया गया था।

आशा ताई के निधन पर पूरे बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ी। शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया पर आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी है। साथ ही सलमान खान और आमिर खान ने भी आशा भोसले के निधन पर शोक प्रकट किया है। 92 साल की जिंदगी में एक संगीत की भरी पूरी विरासत पीछे छोड़ गई हैं। कल अंतिम संस्कार में बॉलीवुड के बड़े सितारों के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। साथ ही यहां फैन्स का भी हुजूम देखने को मिल सकता है। आशा भोसले के परिवार के सदस्यों ने पैपराजी से भी संयमपूर्ण कवरेज करने की अपील की है।

आशा भोसले के निधन ने फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ा दी। पूरे दिन शाहरुख खान से लेकर आमिर और सलमान खान जैसे दिग्गज सितारों ने आशा जी के निधन पर दुख जताया है।

## सॉल्ट, पाटीदार और कोहली के अर्धशतक से आरसीबी जीता, मुंबई इंडियंस की हुई लगातार तीसरी हार

मुंबई, (भाषा)।

***रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और विराट कोहली के अर्धशतकों से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी ने शीर्ष क्रम में सॉल्ट (78 रन), पाटीदार (53 रन) और कोहली (50 रन) की बदौलत चार विकेट पर 240 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।***

इसके जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 222 रन बना सकी। उसके लिए शेरफाने रदरफोर्ड ने 31 गेंद में 71 रन (नौ छक्के, एक चौका) की नाबाद पारी खेली और शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 40 रन, रेयान रिकलटन ने 37 रन और सूर्यकुमार यादव ने 33 रन का योगदान दिया। आईपीएल के 13 सत्र में पहली दफा टूर्नामेंट की शुरूआत जीत से करने के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम इस लय को जारी नहीं रख सकी जिससे उसे लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी। वहीं गत चैंपियन आरसीबी की यह चार मैच में तीसरी जीत है जिससे वह छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैच में कई वाइड और नो-बॉल हुईं तथा कई रिव्यू लिए गए जिससे मैच खत्म होने में काफी समय लगा। सॉल्ट और कोहली ने पहले विकेट के लिए 65 गेंद में 120 रन की भागीदारी निभाई। सॉल्ट ने 36 गेंद का सामना करते हुए छह छक्के और इतने ही चौके जमाए। गत चैंपियन टीम के लिए पाटीदार और टिम डेविड (नाबाद 34 रन, 16 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) ने आते ही तेजी से रन जुटाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

पाटीदार (20 गेंद) ने आते ही छक्कों और चौकों की झड़ी लगाकर आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक जड़ा जिसके लिए उन्होंने 17 गेंद खेलीं जिसमें चार चौके और पांच छक्के जड़े थे। मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर, मिचेल सैंटनर, हार्दिक पंड्या और ट्रेंट बोल्ट को एक एक विकेट मिले। पारी की शुरुआत कोहली ने बोल्ट की गेंद पर जोरदार छक्का जड़कर की। जहां कोहली बीच-बीच में बाउंड्री लगाते रहे तो वहीं उनके जोड़ीदार सॉल्ट ने रन गति को तेज करने की जिम्मेदारी संभाली। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाजों बोल्ट और हार्दिक के खिलाफ बाउंड्री लगाईं। सॉल्ट ने बोल्ट की गेंद को स्टैंड में छक्के के लिए भेज दिया जबकि सैंटनर की गेंद पर उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़े। इससे आरसीबी के 50 रन 4.2 ओवर में ही पूरे हो गए थे, इससे उन्होंने मुंबई इंडियंस को मजबूर कर दिया कि वे जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर कोई विकेट नहीं) को पावरप्ले में ही दूसरा ओवर फेंकने के लिए वापस बुला लें जो कि आमतौर पर देखने को नहीं मिलता।

इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सिर्फ छह रन दिए, लेकिन इसके बावजूद आरसीबी ने पावरप्ले में 71 रन बना लिए थे। आठवें ओवर में सॉल्ट ने लेग-स्पिनर मयंक मार्कंडेय को निशाना बनाते हुए लगातार तीन चौके जड़े जबकि कोहली ने सैंटनर के तीसरे ओवर में दो और चौके लगाए। विकेट लेने के लिए बेताब मुंबई इंडियंस ने आखिरकार 11वें ओवर में गेंद शार्दुल को सौंपी। शार्दुल ने सॉल्ट को कवर पर खड़े हार्दिक के हाथों कैच करवाकर पहला विकेट दिलाया जिससे पहले विकेट की साझेदारी टूट गई। पाटीदार ने फिर साधारण गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़ा।

## घर में राइफल की गोली लगने से महिला की मौत, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पणजी, (भाषा)।** गोवा के कुशावती जिले के सांगुएम गांव में रविवार को एक घर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर राइफल का ट्रिगर दबाने से 22-वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना एक घर में दोस्तों के मिलन समारोह के दौरान हुई। पुलिस अधीक्षक संतोष देसाई ने बताया कि आरोपी श्वेत गावड़े (22) ने कथित तौर पर राइफल निकाली और लापरवाही से तन्वी घाडी पर तान दी। उसने तन्वी से पूछा कि क्या उसे गोली चलानी चाहिए और फिर बेपरवाही से ट्रिगर दबा दिया। गोली तन्वी की गर्दन में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर गोलीबारी की घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। आरोपी को भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि वे इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि राइफल घर में कैसे लाई गई और क्या वह लाइसेंसी थी।

## झारखंड: आबकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप में 164 गिरफ्तार..

**रांची, (भाषा)।** झारखंड आबकारी कांस्टेबल प्रतियोगी परीक्षा (जेईसीसीई) 2023 में शामिल होने वाले कुल 159 उम्मीदवारों और पांच अन्य लोगों को रविवार को पेपर लीक के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पांचों मुख्य आरोपी प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं में शामिल एक गिरोह के सदस्य हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कहा कि रांची के एसएसपी को सूचना मिली थी कि तमाड़ पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत रड़गांव में एक इमारत में बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हुए हैं, जिसके बाद 159 से अधिक छात्रों को गिरफ्तार किया गया। कुमार ने पत्रकारों से कहा, ''छात्रों को प्रश्न पत्रों के चार सेट दिए गए थे, जिनके बारे में दावा किया गया था कि ये जेईसीसी परीक्षा के प्रश्न हैं। मुद्रित और डिजिटल प्रारूपों में उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्रों को जब्त कर लिया गया। हालांकि, वे आज की परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों से हू-ब-हू मेल नहीं खाते थे।'' जेएसएससी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी अभ्यर्थियों को गिरोह के एजेंट द्वारा 10-15 लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी की दर से परीक्षा के प्रश्न और उत्तर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उस स्थान पर लाया गया था। इसमें कहा गया है, ''इन अभ्यर्थियों ने पुलिस से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन और प्रवेश कार्ड गिरोह के सदस्यों को सौंप दिए थे। कुछ अभ्यर्थियों ने गिरोह के सदस्यों के नाम पर बैंक चेक भी जारी किए थे।'' इसमें कहा गया है कि मुख्य आरोपी 'सॉल्वर पेपर लीक' गिरोह का सक्रिय सदस्य रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिहार के जहानाबाद निवासी व्यक्ति को राजस्थान क्लर्क भर्ती परीक्षा, नीट परीक्षा, बिहार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भर्ती परीक्षा और उत्तर प्रदेश समीक्षा एवं सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा सहित कई पेपर लीक मामलों में कथित तौर पर शामिल बताया जाता है। जेएसएससी के अध्यक्ष ने कहा, ''जांच जारी है, जबकि पुलिस इस मामले में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।'' इस बीच, इस घटनाक्रम के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ कुछ जगहों पर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी

मो. 7898530101

जग प्रेरणा

जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, हुआ संगीतमय सुंदर कांड







**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी छिंदवाड़ा रोड पर स्थित राजश्री पैलेस में नरेंद्र टांग द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन शनिवार को कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कथा स्थल को फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया था। कथा व्यास पंडित प्रेमकृष्ण शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब अधर्म और अन्याय पृथ्वी पर बढ़ गया, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के घर आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनर्स्थापना की।

उन्होंने बताया कि कारागार में भगवान का अवतरण केवल एक दिव्य घटना नहीं बल्कि यह संदेश है कि जब भी मानवता संकट में होती है, तब ईश्वर स्वयं उसे मुक्त करने आते हैं। कथा के दौरान जैसे ही जन्म प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर उत्सव का स्वागत किया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झाँकी अत्यंत मनमोहक रही। झूले में लड्डू गोपाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। महिलाएँ और बच्चे भक्ति गीतों पर नृत्य करते नजर आए। भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने रासलीला के प्रसंगों का आनंद लिया। इस दौरान कथा स्थल का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और आनंदमय हो गया।

आयोजन ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुँच रहे हैं। जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष भोग लगाया गया जिसमें माखन-मिश्री, फल-मिष्ठान और पंचामृत प्रमुख रहे। कथा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती की गई और दीप प्रज्वलन के साथ भक्तों ने प्रभु से लोककल्याण की कामना की। चौथे दिन के इस जन्मोत्सव समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, महिलाएँ, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

साथ ही राजनांदगांव छत्तीसगढ़ से पधारे गणेश मिश्रा जी ने बताया कि लगातार 11 वर्षों से उनके द्वारा संगीतमय सुंदरकांड के महत्व को समझाया जीवन में सुंदरकांड को कैसे जीवन में लाया जा सकता हैं। भगवान राम हनुमान की कृपापात्र बन सकते है। आयोजक को आशीर्वचन के साथ ही बताया कि आज शनिवार का दिन हे ओर आज सुंदरकांड का 2233 पाठ हो रहा है। सिवनी में । साथ ही उनके सुपुत्र निखिल मिश्रा द्वारा कोरस के साथ ही बड़ी सुंदर धार्मिक भक्ति गीत से ओतप्रोत किया। लगातार 4 घंटे तक सुंदर कांड का रसास्वादन कर बड़ी स क्या में श्रद्धालुओं ने सुंदर कांड पाठ को सुना साथ ही आयोजक नरेंद्र टांग ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ लेने हेतु आग्रह किया।

# केवलारी श्रमजीवी पत्रकार संघ की कार्यशाला संपन्न, मनोनीत पार्षदों का हुआ सम्मान..



**जगप्रेरणा केवलारी।**

***स्थानीय शिवशक्ति रेस्टोरेंट में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई केवलारी की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया।***

इस कार्यक्रम में पत्रकारिता के गिरते स्तर को बचाने, उसकी गरिमा अक्षुण्ण रखने और वर्तमान चुनौतियों पर गहन मंथन किया गया। साथ ही, संगठन के उन सदस्यों को सम्मानित किया गया जिन्हें शासन द्वारा पार्षद (एल्डरमैन) मनोनीत किया गया है।

## वरिष्ठों के मार्गदर्शन में हुआ मंथन..

प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया की मंशा और संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में जिलाध्यक्ष नंदन श्रीवात्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नए और पुराने सदस्यों के बीच समन्वय स्थापित करना था। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा को हर हाल में बनाए रखना है।

पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना एकजुट होकर करना है। कनिष्ठ पत्रकारों को हमेशा अपने वरिष्ठों के मार्गदर्शन में कार्य करना चाहिए ताकि समाज में पत्रकारिता की छवि धूमिल न हो।

## पार्षद नियुक्त होने पर सम्मान..

संगठन के लिए गर्व का विषय रहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा केवलारी के दो सक्रिय सदस्यों सुधीर पाण्डे एवं राजकुमार बघेल को एल्डरमैन (पार्षद) पद पर नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर संघ के पदाधिकारियों ने दोनों का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

## परिचय पत्र वितरण और नई ऊर्जा..

बैठक के दौरान संघ के सदस्यों को उनके नवीन परिचय पत्र वितरित किए गए। वरिष्ठ पत्रकारों ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। यदि किसी पत्रकार को कार्य के दौरान कोई परेशानी आती है, तो संगठन सदैव उनके साथ खड़ा है।

## इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति..

कार्यक्रम में जिला महासचिव कन्हैया प्रजापति, पं. दिलीप दुबे, जिला उपाध्यक्ष सुधीर पांडे, राकेश आत्मपूज्य, वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर महोबिया, राजू मेहरा, संजय उइके, और अधिवक्ता संघ के सलाहकार पवन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

साथ ही सिवनी ब्लॉक अध्यक्ष संजीव क्रीडिया, आगा खान, नीलेश अवधिया, राजकुमार बघेल, महेन्द्र यादव, पं. रामनरेश दुबे, चिंटू कौशल, प्रवीण दुबे, अशोक बंदेवार, सियाराम ठाकुर, सदर खान, राजदीप राहंगडाले, मनोज गुप्ता, पवन सिंह ठाकुर, रामकुमार ठाकुर (पलारी), डॉ. वेद सिंह ठाकुर, पवन बघेल, धरमचंद जैन, राहुल श्रीवास्तव, प्रीतम पाल, रवि शंकर अहिरवार, जमुना अहिरवार और बॉबी खान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।

मंच संचालन एवं कार्यक्रम का सफल संचालन पवन यादव ने किया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष रफीक खान ने सभी आगंतुक अतिथियों और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। पत्रकारिता की गरिमा और सुरक्षा पर चर्चा।सुधीर पाण्डे और राजकुमार बघेल (एल्डरमैन) का सम्मान। सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए। वरिष्ठों के मार्गदर्शन में निर्भीक पत्रकारिता का आह्वान।

### न्यायिक संवाद से सशक्त हुआ थाना आदेगाँव क्षेत्र..

# विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को दी गई कानूनों की विस्तृत जानकारी..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***माननीय द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन,***

श्री ललित कुमार झा के पावन सानिध्य में आज दिनांक 12.04.26 को ग्राम आदेगाँव (थाना परिसर के समीप) एक वृहद विधिक साक्षरता शिविर का गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को उसके विधिक अधिकारों के प्रति सचेत करना एवं न्याय प्रक्रिया को सुलभ बनाना रहा।

शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माननीय द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री ललित कुमार झा ने उपस्थित जनसमूह, क्षेत्रीय ग्राम कोटवारों एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ सीधा 'न्यायिक संवाद' स्थापित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला: निःशुल्क विधिक सहायता: आर्थिक रूप से अक्षम नागरिकों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता योजना की जानकारी। पाक्सो **(POCSO)** एक्टः बच्चों के संरक्षण हेतु कड़े कानूनों और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता। मोटर व्हीकल एक्टः यातायात नियमों की अनिवार्यता एवं सड़क सुरक्षा के कानूनी प्रावधान।

मीडिएशन (मध्यस्थता): न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी सुलह से निराकरण हेतु मध्यस्थता केंद्र की उपयोगिता। ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक बालक/बालिको के पालको जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, सउनि. रजनीकांत दुबे, सउनि. राजेश सक्सेना, सउनि. मनोज परतेती सहित प्रआर. अमर उईके, शोएब खान आरक्षक धर्मेन्द्र सरयाम, ज्योतेश्वर धुर्वे, सरवन मरकाम, जयप्रकाश उईके एवं महिला आरक्षक भोलेश्वरी मर्सकोले सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।

जनप्रतिनिधियों में जिला जनपद सदस्य श्री सचिन पाटकर एवं ग्राम पंचायत आदेगाँव के विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधिक सेवा समिति की ओर से पी.एल.व्ही. मनोज कुमार रजक, संतोष कुमार राय एवं कार्यालयीन स्टाफसे संजय कुमार उईके व राजेन्द्र प्रसाद उईके ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ग्रामवासियों ने न्यायाधीश महोदय की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। शिविर का समापन ज्ञानवर्धक चर्चाओं के साथ हुआ, जिससे क्षेत्र में विधिक चेतना का एक नवीन सूत्रपात हुआ है।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत ट्रांसफार्मर के पोल से टकराई..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के धूमा थाना क्षेत्र मुख्यालय में रविवार सुबह लगभग 11 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत ट्रांसफार्मर के पोल से टकरा गई। इस हादसे में कार चालक सुरक्षित बच गया,***

हालांकि कार और ट्रांसफार्मर का पोल क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, कार धूमा मुख्यालय के रिहायशी इलाके से गुजर रही थी। अचानक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सीधे ट्रांसफार्मर के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रांसफार्मर का पोल भी प्रभावित हुआ।

गनीमत रही कि दुर्घटना के समय आसपास कोई राहगीर या अन्य वाहन मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यह घटना स्थल एक रिहायशी क्षेत्र है, जहां अक्सर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि हादसे के समय कोई व्यक्ति पासमें होता तो गंभीर जनहानि हो सकती थी। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सूचना मिलते ही धूमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। थाना प्रभारी डोमन सिंह मारवी ने बताया कि कार के ट्रांसफार्मर पोल से टकराने की जानकारी मिली थी। प्राथमिक जांच में चालक सुरक्षित पाया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को मौके से हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु किया। साथ ही, विद्युत विभाग को भी ट्रांसफार्मर पोल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दे दी गई है, ताकि आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। यह घटना तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर करती है। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति में वाहन चलाने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद 7898530101

# आपरेशन मुस्कान अभियान मे डुण्डा सिवनी पुलिस को एक और सफलता

## नाबालिग बालिका को 8 घंटे के भीतर किया सकुशल दस्तयाब..

**जगप्रेरणा डूण्डासिवनी।**

***पुलिस मुख्यालय व्दारा चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है***

जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी.श्री दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेतृव मे कार्य करते हुए थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को आठ घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया।

दिनांक 11/04/2026 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 15 वर्ष 08 माह कि नाबालिग बालिका अपने घर ग्राम बंजारी मे रात्री मे कही चली गयी आसपास तलाश किये पर कही मिल नही रही है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 185/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो अपहृता का बस स्टैण्ड सिवनी तरफ होने की सूचना मिलने पर रवाना होकर अपहृता को दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। परिजनो के द्वारा खुशी जाहिर कर डूण्डासिवनी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

## विशेष भूमिका..

निरी. चैनसिंह उइके, सउनि संजय बघेल, प्र. आर. उमेश्वरी चौधरी, आर. विक्रम देशमुख, म.आर. फरहीन खान, द्रोपती डेहरिया।

# समता अधिकार मंच के तत्वावधान में कल होगा आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन

## लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील



**जगप्रेरणा धनौरा।**

धनौरा में भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर कल 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को भव्य आयोजन किया जाएगा। समता अधिकार मंच के तत्वावधान में यह कार्यक्रम ब्लॉक स्तरीय एवं सर्वदलीय रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से अंबेडकर कॉलोनी स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के पास अंबेडकर स्टैचू पर प्रारंभ होगा, जहां मंच सजेगा और विभिन्न वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला जाएगा।

इस अवसर पर भव्य रैली (शोभायात्रा) भी निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर नगर भ्रमण करेगी। साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी, जिसमें गीत, भाषण एवं अन्य प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

आयोजन समिति समता अधिकार मंच धनौरा द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# बिजली विभाग की लापरवाही से किसान की 4 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख



**जगप्रेरणा काँहीवाड़ा।**

***क्षेत्र के मठियाटोला निवासी किसान मानसिंह कंगाली पिता जयराम कंगाली की लगभग 4 एकड़ में लगी गेहूं की खड़ी फसल***

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि खेत के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

किसान मानसिंह कंगाली की आंखों के सामने उसकी मेहनत की पूरी फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोग भी घबरा गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल, फायर ब्रिगेड तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक पहुंच गए और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही और जर्जर विद्युत तारों के कारण यह हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिया जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।




न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी

MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी

MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय

सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



सोमवार 13 अप्रैल 2026

जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## निशांत बिसेन के भाजपा प्रवक्ता बनने से भाजपा संगठन के साथ ही बालाघाट जिले की आवाज भी मजबूत होगी - राजेश पाठक

### निशांत के राजनीति में आने से भाजपा को एक योग्य और कुशल यूवा नेता मिला और बालाघाट जिले का गौरव बढ़ा - बोले सोहन वैद्य

### पत्रकारों ने किया भाजपा प्रवक्ता मनोनयन पर निशांत बिसेन का हार्दिक अभिनंदन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के ग्रामीण अंचल से होकर मध्यप्रदेश की राजधानी तक पत्रकारिता के माध्यम से पहचान स्थापित करने के साथ ही अपने व्यक्तित्व, अपनी योग्यता का लोहा मनवाने में सफल रहे बंसल न्यूज के क्षेत्रीय महाकौशल हेड निशांत बिसेन ने पत्रकारिता को विराम देते हुए राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखा, और प्रदेश के***

भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा उन्हें प्रदेश भाजपा प्रवक्ता मनोनित किया गया, जिसके उपरांत बालाघाट के पत्रकारों ने सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजेश पाठक की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ पत्रकार सोहन वैद्य एवं आनंद ताम्रकार के मुख्यातिथ्य में तथा खेल एवं योग क्षेत्र के समाजसेवी तपेश असाटी की विशेष उपस्थिति में स्थानीय होटल ग्रैंड कमल में दोपहर 12 बजे से निशांत बिसेन का स्वागत समारोह आयोजित किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जगप्रेरणा के संपादक आशीष वर्मा ने किया। अतिथियों और पत्रकार साथियों की ओर से लांजी के भगवान कोटेश्वर के छायाचित्र से बना वॉल मोमेंटो और पुष्पगुच्छ देकर निशांत बिसेन को सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया, इसके उपरांत प्रमुख रुप से वरिष्ठ पत्रकार रहीम खान, शशांक माहुले, रफी अहमद अंसारी, हिमांशु जैन, संजय बिसेन, हितेन्द्र चौहान आदि ने निशांत बिसेन के पत्रकारिता के क्षेत्र में दिये गए योगदान और उनकी उत्कृष्ट प्रभावशाली भूमिका पर प्रकाश डाला, तथा कहा कि निश्चित ही निशांत बिसेन जो नए राजनीतिक कदम की शुरुआत करने जा रहे हैं, पत्रकारिता के क्षेत्र में जिस तरह उन्होंने अपने काम की छाप छोड़ी, राजनीतिक क्षेत्र में भी वे अपने कार्यों से क्षेत्र की मजबूत आवाज बनेंगे।

### बोले राजेश पाठक..

सम्मान समारोह कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी राजेश पाठक ने भाजपा प्रदेश संगठन में प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए निशांत बिसेन के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए कहा कि निशांत के रूप में जिले को प्रदेश में सम्मान मिला है। यह जिले के लिए गर्व की बात है, हमें पूरा विश्वास है कि जिले के लोग और पत्रकार साथी, जब भी भोपाल जाएंगे तो छोटे भाई निशांत का स्नेह, प्यार मिलेगा। उन्होंने बताया कि निशांत ने किस तरह से पत्रकारिता क्षेत्र में निष्पक्ष और निर्भिकता के साथ पत्रकारिता के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों से अपने संबंध को स्थापित किया है।

### बोले सोहन वैद्य..

वरिष्ठ पत्रकार सोहन वैद्य ने कहा कि बालाघाट जिले में अनेक मंचों और चैनलों पर बेहतर ढंग से काम करते हुए हमने निशांत बिसेन को देखा है। निशांत बिसेन ने पुरे प्रदेश में अपनी पहचान बनाई, अब बारी राजनीतिक क्षेत्र में कमाल दिखाने की है। श्री वैद्य ने खुशी जाहिर की कि निशांत बिसेन ने भारतीय जनता पार्टी संगठन को अपनी पसंद बनाया, और प्रदेश भाजपा प्रवक्ता के रुप में वे भाजपा का पक्ष जितनी मजबूती से रखेंगे, उतनी ही मजबूती से जिले के विकास और पत्रकारों के हितों को भी वे सरकार के समक्ष रखेंगे, हम ऐसी उम्मीद करते हैं।

### बोले निशांत बिसेन..

स्वागत समारोह की बेला पर निशांत बिसेन ने कहा कि चूंकि मैं स्वयं एक राजनीतिक परिवार से था, तथा सभी अपनों ही चाहत थी कि मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखूं, और क्षेत्र के विकास के लिये काम करुं तो मैंने राष्ट्रवादी विचारधारा के चलते भाजपा में कदम रखा है। आप सभी को इस मंच के माध्यम से मैं विश्वास दिलाना चाहूंगा कि अपने कार्य को बेहतर तरीके से करने का मेरा प्रयास तो होगा ही, इसी के साथ जो भाजपा की विचारधारा का भी हिस्सा है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का भी उत्थान हो, तो इस विचारधारा के तहत चाहे पत्रकारों के हितों की बात हो या फिर क्षेत्र के विकास की, उसके लिये भी मेरे प्रयास अवश्य होंगे। निशांत बिसेन ने आगे यह भी कहा कि मीडिया के सामने, सरकार की योजनाओं से लेकर प्रदेश संगठन के हर पक्ष को पूरी मुखरता के साथ रखने का भी मेरा प्रयास होगा। निशांत बिसेन ने उनके स्वागत अभिनंदन एवं स्नेह व प्यार जमाने के लिये जिले के पत्रकारों का आभार जताया।

### यह भी रहे उपस्थित..

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता निशांत बिसेन के सम्मान समारोह में प्रमुखजनों में अनिल गुरुनानी, शौकत बिसाने, भानेश साकुरे, मनीष जैन, सुनिल कोरे, मुकेश भट्ट, सोनु विश्वकर्मा, देवेन्द्र रनगिरे, पंकज राहंगडाले, हरीश राहंगडाले, महेश दौने, आशीष श्रीवास, हितेन चौहान, प्रदीप सर्राटे, राहुल टेंभरे, श्रीकांत त्रिवेदी, महेन्द्र रामटेके, नीतेश उचबगले सहित विभिन्न प्रिंट और इलेक्ट्रानिक पत्र समूह के प्रतिनिधि और रिपोर्टर साथी मौजूद थे।

## वार्ड नं. 16 निवासी श्रीमती अनीता नायडू का दुखद निधन..

### आज होगा अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर के वार्ड नंबर 16 के निवासी जी. प्रकाश नायडू (पप्पु अन्ना) की धर्मपत्नी एवं विनोद नायडू, चंद्रशेखर (बबलू) व श्रीधर (गुड्डु) नायडू की बड़ी भाभी तथा वेंकटेश राव नायडू की***

माताजी श्रीमती अनीता नायडू का 63 वर्ष की उम्र में अचानक 12 अप्रैल 2026 को प्रातः 3.30 बजे दुखद निधन हो गया।

वे अपने पीछे एक पुत्र, दो पुत्रीयों संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. अनीता नायडू के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा उनके निज निवास वार्ड नं. 16 डॉ. शुक्ला नर्सिंगहोम के समीप से आज दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्रातः लगभग 8:00 बजे स्थानीय मोक्षधाम के लिये निकलेगी।

## गोंदिया बालाघाट फोरलेन पर आधी रात को कार अनियंत्रित होने से युवक की मौत..

### दो युवतीयों सहित चार घायल.. माता पिता का इकलौता पुत्र था मृतक राहुल भूरे..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तथा बालाघाट गोंदिया फोर लेन मार्ग पर 11 - 12 अप्रैल की मध्य रात्रि में एक सड़क हादसे में एक 30 वर्षीय युवक की दर्दनाक***

मौत हो गई, जबकि दो युवतियों सहित चार लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना ग्राम मंगोली कला के पास फोरलेन पर रात करीब 1:30 बजे हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार राज गोंडने 22 वर्ष ग्राम धापेवाडा बालाघाट निवासी। नागपुर में प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। 11 अप्रैल की रात्रि में राज गोंडने और साक्षी मेश्राम को को नागपुर जाना था जिन्होंने बालाघाट से गोंदिया तक जाने के लिए रोहित बिसेन की कार किराए पर ली थी। इस कार में राज गोंडने साक्षी मेश्राम को गोंदिया तक छोडने् के लिए उनके साथ तन्नू उके, मनीष नगपुरे, राहुल भूरे भी कार में गोंदिया तक जा रहे थे। रोहित बिसेन कार चला रहा था। कार के पीछे साक्षी मेश्राम तन्नू उके और राहुल भूरे बैठे थे। बालाघाट से गोंदिया तेज रफ्तार जा रही है। घिसरी नदी के पहले ही सागौनवन के पास फोरलेन से अचानक कार अनियंत्रित होकर उछल गई और सागौन के पेड़ से टकरा गई। यह सड़क दुर्घटना रात्रि 1:30 बजे हुई। जिसमें कार के पीछे बैठे साक्षी मेश्राम तन्नू उके घायल हो गए और राहुल भूरे कार पेड़ से टकराने से वह गेट में ही फंस गया था। घटना की सूचना मिलती ही डायल 112 के साथ ही रजेगांव पुलिस चौकी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाये। राहुल भूरे जो दब गया था और उसकी मौत हो चुकी थी उसे मुश्किल से बाहर निकाला गया और उसे भी जिला अस्पताल बालाघाट भिजवाया गया। बताया गया है कि मृतक राहुल पिता आसाराम भूरे 30 वर्ष ग्राम दिग्धा थाना तिरोड़ी निवासी है। राहुल भूरे माता-पिता का इकलौता बेटा है जिसकी एक बहन है, तथा दोनों भाई-बहन बालाघाट में किराए से रहते थे। राहुल जिओ टेलीकॉम कंपनी में काम करता था और उसकी बहन अर्पिता पढ़ाई करती थी।

### घायलों का किया जा रहा उपचार..

गौरतलब है कि सभी घायलों को जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल साक्षी पिता दीनदयाल मेश्राम 22 वर्ष ग्राम हट्टा निवासी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में तन्नू पिता स्वरूप उके 21 वर्ष वार्ड नंबर एक साई मंदिर के पास बूढी बालाघाट निवासी का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इस दुर्घटना में अन्य दो घायल मनीष नगपुरे और कार चालक रोहित बिसेन को मामूली चोटें आई है। 12 अप्रैल को जिला अस्पताल पुलिस में राहुल भूरे का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। जिला अस्पताल पुलिस ने मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना किरनापुर भिजवा दी है। इस दुर्घटना की आगे जांच किरनापुर पुलिस द्वारा की जा रही है।

## दहेज के लिये बहु के हत्यारे बने सास, ससुर और पति ललित राणा गए जेल..

### कोई भी दहेज लोभी नहीं बचेगा, अपराध और अत्याचार पर होगी कड़ी कार्रवाई - सीएसपी मयंक तिवारी ने चेताया..









जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट मुख्यालय के निकट ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम नवेगांव के निवासी राणा परिवार में पति, सास और ससुर की लगातार एक साल की प्रताड़ना के चलते तथा घटना दिनांक 10 अप्रैल 2026 को विवाद के बाद शंकास्पद परिस्थितियों में विवाहिता***

प्रशांति ऊर्फ मोनिका राणा पति ललित राणा की मौत हो गई, जिसे कि पड़ोसियों की सहायता से आरोपी पति जिला चिकित्सालय लेकर आया था, इस मामले में प्रथम दृष्टया जांच के बाद बालाघाट पुलिस ने आरोपी पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करते हुए आज 12 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया, तथा न्यायालय में पेश करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। बालाघाट पुलिस कन्ट्रोल रुम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सीएसपी मयंक तिवारी ने पत्रकारों को पुरे घटनाक्रम की जानकारी एवं जांच के पहलुओं के साथ ही पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिये।

### आरोपियों ने प्रताड़ना और दहेज की मांग को स्वीकार किया..

सीएसपी मयंक तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मृतिक प्रशांति पति ललित राणा का विवाह पति ललित राणा से 20 मई 2023 को हुआ था। मृतिका की एक वर्ष की बेटी भी है। घटना दिनांक को आरोपी पति कार में मृतिका का शव लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचा था। उसके बताए अनुसार मृतिका ने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली, लेकिन घटना के बाद पोष्टमार्टम रिपोर्ट तथा मृतका के परिवारजनों के आरोपों के साथ ही मृतिका की मौत मामले में यह मामला दहेज हत्या प्रदर्शित हो रहा है। हांलांकि इसमें अभी पोष्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही एफएसएल रिपोर्ट आदि आना बाकी है, लेकिन इस मामले में यह स्पष्ट है कि विवाहित को ससुराम में आरोपी पति, सास और ससुर द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। दो बार अलग अलग 5 और 6 लाख रुपये भी मृतिका के परिवारजनों ने पति को दिये थे, लेकिन फिर भी मृतिका के साथ सास, ससुर और पति का व्यवहार प्रताड़ित करने वाला था, इसलिये यह साफ है कि विवाहिता को या तो मार डाला गया, या फिर विवाहा को आत्महत्या के लिये मजबूर किया गया, इस स्थिति में यह दोनों ही कारण दहेज हत्या के लिये निरुपित किये गए हैं, तथा इसके तहत आरोपी पति, सास और ससुर पर दहेज हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। सीएसपी मयंक तिवारी ने यह भी बताया कि आरोपीयों ने दहेज की मांग करना भी स्वीकार कर लिया है, तथा अब अन्य जांच रिपोर्ट आने के बाद शंका का समाधान हो पायेगा, तथा इस बात को भी तय किया जा सकेगा कि मृतिका को मार दिया गया, या फिर उसने फांसी लगा ली। श्री तिवारी ने यह भी बताया कि चूंकि इस मामले में यह स्पष्ट है कि मृतिका को प्रताड़ित किया जाकर घर से बार बार दहेज लाने और रुपयों की मांग की जाती थी, इसलिये दहेज हत्या के आरोप तो स्पष्ट हैं की।

### इन धाराओं मे दर्ज किया गया अपराध..

**शहर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी ने आगे यह भी बताया कि इस मामले में थाना नवेगांव में कड़ी धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसमें अपराध क्रमांक 120/26 धारा 80 (2), 85, 3 ( 5 ) भारतीय न्याय संहिता एवं 34 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत विवेचना में लिया गया। आरोपीगणों से घटना के संबंध मे विधिवत पूछताछ कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।**

## बालाघाट महोत्सव में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तलाश श्रीनाग सम्मानित..



जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट महोत्सव मेले में हाल ही में संपन्न हुए इन्फ़्लुएंसर मीट अप में 'बालाघाट महोत्सव' के भव्य मंच पर क्षेत्र के उभरते सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तलाश श्रीनाग को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि और डिजिटल क्षेत्र में सकारात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

महोत्सव के दौरान बालाघाट महोत्सव के प्रेसिडेंट सुकुमार जैन और सेक्रेट्री नीलेश पटेल ने तलाश श्रीनाग को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। गौरतलब है कि तलाश श्रीनाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में एक अलग पहचान बनाई है, और अपने वीडियोज के माध्यम से बालाघाट की संस्कृति और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। इस अवसर पर तलाश श्रीनाग ने कहा कि बालाघाट महोत्सव जैसे प्रतिष्ठित मंच पर सम्मानित होना एक बड़ी उपलब्धि है यह सम्मान सिर्फमेरा नहीं, बल्कि उन सभी फॉलोअर्स का है जिन्होंने मेरी मेहनत को सराहा है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935



# ग्राम पंचायत गढ़ी में पेयजल शुद्धता परीक्षण अभियान का शुभारंभ..





## सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी की पहल पर ग्रामवासियों को मिली निःशुल्क जल जाँच सुविधा

**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***बालाघाट जिले से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत गढ़ी द्वारा आज पटेल टोला, वार्ड क्रमांक 11 के सार्वजनिक कूप का जल नमूना लेकर पेयजल शुद्धता परीक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया।***

इस कार्यक्रम की पहल ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य गाँव के प्रत्येक परिवार तक शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की जानकारी पहुँचाना है।

इस परीक्षण कार्यक्रम में तामोहर फाउंडेशन फॉर विलेज डेवलपमेंट ने सहयोगी संस्था के रूप में अपनी भूमिका निभाई। फाउंडेशन के टीम सदस्यों श्री बृजेन्द्र रंधवे, श्री पुष्पेंद्र रंधवे द्वारा जल जीवन मिशन की **Multi Parameter Water Field Testing Kit (FTK)** के माध्यम से कुएँ के पानी का परीक्षण किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों को परिणामों की जानकारी सरल भाषा में दी गई। सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पेयजल के रूप में उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक जल स्रोत की जाँच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत गढ़ी में पेयजल शुद्धता परीक्षण की यह सुविधा ग्रामवासियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। सरपंच महोदया ने समस्त ग्रामजनों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएँ और अपने परिवार को जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रखें।

सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी ने तामोहर फाउंडेशन की पूरी टीम के सराहनीय योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी समय में भी फाउंडेशन ग्राम पंचायत गढ़ी के सर्वांगीण विकास में इसी प्रकार सहयोग करती रहेगी।

उल्लेखनीय है कि तामोहर फाउंडेशन फॉर विलेज डेवलपमेंट द्वारा माह अप्रैल 2026 में एक व्यापक जल जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम में सामुदायिक बैठकें आयोजित कर लोगों को जल संरक्षण, वर्षाजल संचयन, जल स्रोतों के पुनर्भरण **(Recharge)** तथा शुद्ध पेयजल के उपयोग एवं परीक्षण की महत्ता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अमित पाटिल का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस कार्यक्रम में सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के अतिरिक्त वार्ड पंच श्रीमती उर्मिला रंधवे, वार्ड पंच श्रीमती सुनीता पटेल, ग्रामीण श्री उमेश पटेल, श्री विनोद रंधवे तथा पटेल टोला के अनेक महिला-पुरुष ग्रामवासी उपस्थित रहे।


# गढ़ी में कॉलेज और आईटीआई की मांग, सरपंच ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार..

**अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।**

***बालाघाट जिले से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित आदिवासी वनांचल क्षेत्र गढ़ी में क्षेत्र के लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब सपनों को उड़ान देने के लिए पंख ही न हों, तो मंज़िल तक पहुंचना कैसे संभव होगा?÷***

कुछ इसी पीड़ा के साथ बैहर तहसील के ग्राम गढ़ी की युवा नेत्री सरपंच रोशनी मेरावी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र के हजारों युवाओं की बेबसी को बया किया हैं। यह सिर्फ एक पत्र नहीं, बल्कि उन सपनों की आवाज़ है जो गढ़ी क्षेत्र में कॉलेज और आई टी आई नहीं होने से संसाधनों के अभाव में हर साल टूट जाते हैं।

उन्होंने कहा कि ग्राम गढ़ी और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज तक न तो कोई शासकीय महाविद्यालय स्थापित हो सका है और न ही तकनीकी शिक्षा के लिए आईटीआई की सुविधा उपलब्ध है। परिणामस्वरूप यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरदराज के शहरों या फिर बैहर, बालाघाट का रुख करना पड़ता है। लेकिन हर परिवार इतना सक्षम नहीं होता कि वह अपने बच्चों को बाहर पढ़ने भेज सके। आर्थिक तंगी, परिवहन की



समस्या और सामाजिक परिस्थितियों के कारण कई होनहार विद्यार्थी बीच रास्ते में ही अपने पढ़ाई को छोड़ सपनों को त्यागने पर मजबूर हो जाते हैं।



सरपंच रोशनी मेरावी ने अपने पत्र में वर्ष 2013 की उस उम्मीद का भी जिक्र किया है, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गढ़ी दौरे के दौरान यहां महाविद्यालय खोलने का आश्वासन दिया था। उस समय क्षेत्र के लोगों की आंखों में उम्मीद की किरण जगी थी, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी वह वादा अधूरा ही रह गया। यह अधूरा सपना आज भी ग्रामीणों के दिल में एक टीस बनकर मौजूद है।

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो दशकों से अधिक समय से प्रदेश में एक ही सरकार और क्षेत्र में एक ही दल का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद इस मूलभूत आवश्यकता की अनदेखी की जा रही है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि क्षेत्र का समग्र विकास भी थम सा गया है। युवा वर्ग रोजगार के अवसरों से वंचित हो रहा है और पलायन की स्थिति लगातार बढ़ रही है। यह मांग केवल एक भवन या संस्था की नहीं है, बल्कि यह उन हजारों युवाओं के भविष्य की मांग है, जो अपने गांव में रहकर ही पढ़ना और आगे बढ़ना चाहते हैं। सरपंच ने मुख्यमंत्री से भावुक अपील करते हुए कहा है कि ग्राम गढ़ी में शीघ्र शासकीय महाविद्यालय और आईटीआई की स्थापना की जाए, ताकि यहां के बच्चों को भी सपने देखने और उन्हें साकार करने का समान अवसर मिल सके। अब देखना यह है कि क्या यह मार्मिक पुकार शासन-प्रशासन तक पहुंचकर कोई ठोस निर्णय बन पाती है, या फिर गढ़ी के युवाओं के सपने यूं ही अधूरे रह जाएंगे।

# परसवाड़ा में जल संवर्धन पर रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन..

**जगप्रेरणा परसवाडा।**

***बालाघाट जिले के विकासखंड परसवाड़ा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत आज दिनांक 12 अप्रैल 2026, दिन रविवार को सीएमसीएलडीपी (CM-CLDP) कक्षा***







संचालन के साथ-साथ ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। यह अभियान कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में जिलेभर में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन के मार्गदर्शन तथा परामर्शदाता दिनेश वरकड़े की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, परसवाड़ा में जल संरक्षण विषय पर आधारित मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जल संवर्धन के महत्व को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रेमलता वरकड़े (एमएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष) एवं अंजू नागेश्वर (एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर संध्या भोंडेकर एवं ज्योति ऐडे रहीं, जबकि तृतीय स्थान सविता उईके (एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष) को मिला। कार्यक्रम में परामर्शदाता शोहेंद्र पंचतीलक, इंदर लाल धुर्वे, योगेश्वरी राहगडाले, तिम्मेशवरी शरणागत, सामाजिक कार्यकर्ता विजय हिर्वाने, अंजनी उयके, अतुल नागेश्वर, अरंडिया उपसरपंच जगदीश सोनेकर सहित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की 35 वीं किश्त की राशि

## बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 260 लाडली बहनों के खाते में पहुंची 50.12 करोड़ रुपये की राशि

## बहनों के खातो में पहुंची 15-15 सौ रुपए की राशि



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 12 अप्रैल को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के खाते में 15-15 सौ रुपए की राशि अंतरित की।***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 35 वीं किश्त के रूप में 1836 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 260 लाड़ली बहनों के खाते में 50 करोड़ 12 लाख 13 हजार 500 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में सीधा प्रसारण दिखाया गया।

लाड़ली बहना योजना की 35 वीं किश्त के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड बैहर की 19 हजार 443 बहनों के खाते में 02 करोड़ 82 लाख 55 हजार 900 रुपये, विकासखंड बालाघाट की 37 हजार 308 बहनों के खाते में 05 करोड़ 41 लाख 70 हजार 500 रुपये, विकासखंड बिरसा की 26 हजार 970 बहनों के खाते में 03 करोड़ 94 लाख 39 हजार 200 रुपये, विकासखंड कटंगी की 34 हजार 655 बहनों के खाते में 05 करोड़ 04 लाख 02 हजार 300 रुपये, विकासखंड खैरलांजी की 31 हजार 267 बहनों के खाते में 04 करोड़ 56 लाख 73 हजार 500 रुपये, विकासखंड किरनापुर की 38 हजार 350 बहनों के खाते में 05 करोड़ 62 लाख 01 हजार 100 रुपये, विकासखंड लालबर्रा की 37 हजार 236 बहनों के खाते में 05 करोड़ 41 लाख 88 हजार 100 रुपये, विकासखंड लांजी की 38 हजार 173 बहनों के खाते में 05 करोड़ 59 लाख 11 हजार 600 रुपये, विकासखंड परसवाड़ा की 22 हजार 134 बहनों के खाते में 03 करोड़ 20 लाख 67 हजार 300 रुपये एवं विकासखंड वारासिवनी की 32 हजार 893 बहनों के खाते में 04 करोड़ 78 लाख 100 रुपये की राशि जमा हुई है।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका बालाघाट की 8808 बहनों के खाते में 01 करोड़ 26 लाख 82 हजार 800 रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5809 बहनों के खाते में 83 लाख 42 हजार 100 रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3752 बहनों के खाते में 53 लाख 90 हजार 700 रुपये, नगर परिषद बैहर की 2653 बहनों के खाते में 37 लाख 57 हजार 100 रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2415 बहनों के खाते में 35 लाख 02 हजार 500 रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2384 बहनों के खाते में 34 लाख 28 हजार 700 रुपये की राशि जमा हुई है। लाडली बहना योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 260 से अधिक बहनों को जून 2023 से योजना प्रारंभ होने से लेकर 12 अप्रैल 2026 तक 1538 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है। यह एक बड़ी राशि है और इसने जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इतनी बड़ी राशि के जिले में आने से जिले की अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है।

# कलश यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण का संकल्प, धनसुआ में 185 बोरियों का हुआ बोरी बंधान

## 'गांव का पानी गांव में, जल है तो कल है' का दिया संदेश, जल चौपाल का आयोजन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद, विकासखंड बालाघाट द्वारा कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम धनसुआ में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु***

विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति धनसुआ द्वारा जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन, विकासखंड समन्वयक वैजयंती कटरे एवं सीएम इंटर्नशिप के अजीत कुमार की उपस्थिति में ग्रामीण महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान ÷गांव का पानी गांव में÷ और ÷जल है तो कल है÷ जैसे जागरूकता नारों के साथ पूरे गांव में भ्रमण कर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम के समीप स्थित घीसर्री नदी में जल स्तर बनाए रखने के उद्देश्य से श्रमदान एवं जन सहयोग से 185 बोरियों का बोरी बंधान कार्य किया गया। इस पहल से जल संग्रहण को बढ़ावा देने और भू-जल स्तर सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं नागरिकों के साथ जल संरक्षण विषय पर जल चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में पूर्व सरपंच श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि समय के साथ जलस्तर लगातार घटता जा रहा है, ऐसे में जल को रोकना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती नीलिमा धुर्वे, पूर्व सरपंच श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता विनय गोयल, युवा मोटिवेटर अजय ठाकुर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष देवी लता ब्रम्हे, सचिव किरण पाचे सहित समिति के सदस्यगण एवं नवांकुर वसुंधरा ग्राम सेवा समिति पाथरवाड़ा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सीएम सीएलडीपी के छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए भविष्य में भी जल बचाने और जल स्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433

कार्यालय ग्राम पंचायत हटटा जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट( मध्य प्रदेश)

।। निविदा सूचना ।।

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हटटा जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.)में वर्ष 2026 -27 में जी राम जी योजना ,सांसद निधि, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना,15 वित्त 5वा वित्त राज्य वित्त स्वकराधान की राशि , स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड ,जिला पंचायत फंड, वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री लोहा, गिट्टी, पाइप, रेत, सीमेंट, ईंट, प्लम्बर सामग्री, टाइल्स, पानी टैंकर, मिक्सचर मशीन, वाइब्रेट सेंट्रिंग, दरवाजे, खिड़की, इलेक्टॉनिक सामग्री, कंप्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, व्हील चेयर, टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री, फोटो कॉ, पौधे आदि का क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 13/04/2026 से 20/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती हैं। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय दिनांक 20/04/2026 को समय 11:00 बजे ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जाएगा।

सरपंच
श्री राजू धुर्वे

उपसरपंच
श्री सुरेश पवार

सचिव
श्री विनोद झरिया

ग्राम रोजगार सहायक
श्री चंद्रप्रकाश धुर्वे

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत हटटा
जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म. प्र.)

# सेन महाराज की सादगीपूर्ण माहौल में मनाई जाएगी 14 अप्रैल को जयंती..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज जिला समिति बालाघाट द्वारा 14 अप्रैल को सादगी पूर्ण माहौल में नंदा सेन महाराज की 726 वीं जयंती मनाई जाएगी। जिसको लेकर जिला समिति द्वारा बैठक आहूत किया गया***

जिसमें जिला एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज जी की जयंती जिले में सेन महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 14 अप्रैल को समस्त सामाजिक बधुओं द्वारा सुबह नगर मुख्यालय के सेन चौक में स्थित नंदा सेन महाराज की प्रतिमा स्थल के समक्ष एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा अर्चन कर आरती किया जाएगा।

तत्पश्चात बाइक रैली के माध्यम से विठ्ठल रूखमणि मंदिर गर्रा में सेन जी महाराज की प्रतिमा का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर आरती किया जाएगा। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसके बाद बिरसा ब्लॉक में सेन जयंती महोत्सव पर नव निर्मित सेन जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने पूरे जिले के सामाजिक बंधुओं द्वारा प्रस्थान किया जाएगा।

## 28 अप्रैल को सामूहिक रूप से मनाई जाएगी जयंती

संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज जिला समिति द्वारा नंदा सेन महाराज की जयंती सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय में 28 अप्रैल को सुबह 10 बजे से पॉलीटेकनिक कॉलेज समीप कुनबी समाज भवन में हर्षोल्लास से मनाई जावेगी। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष रवि नागपुरकर ने बताया कि 14 अप्रैल को सेन महाराज की जयंती सादगीपूर्ण रूप से मनाई जा रही है। इस अवसर पर स्वजातीयजनों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील संगठन के युवा मोर्चा अध्यक्ष विरेन्द्र श्रीवास, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती दामिनी गोंडाने, नगर अध्यक्ष महेश मानेश्वर, पूर्व जिलाध्यक्ष अमित श्रीवास सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।




सोने, चांदी व हीरे जड़ित आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
शुद्धता और विश्वास की अनूठी परंपरा
गणपति ज्वेलर्स
महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# विधायक गौरव सिंह पारधी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को मिली रफ्तार..

## विधायक ने तीन ग्राम पंचायतों में किया विकास कार्यों का भूमि-पूजन









जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में विकास को गति देने की दिशा में शनिवार, 11 अप्रैल को विधायक गौरव सिंह पारधी ने ग्राम पंचायत मोहगांव, नांदी एवं परसवाड़ाघाट में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि-पूजन किया।***

इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से जहां ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, वहीं वर्षा ऋतु में जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।

### दोपहर से शाम तक चले भूमि-पूजन कार्यक्रम

विधायक श्री पारद्धधी का दौरा दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत मोहगांव से प्रारंभ हुआ, जहां उन्होंने सीसी रोड निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इसके पश्चात वे दोपहर 2:30 बजे ग्राम पंचायत नांदी पहुंचे, जहां सीसी रोड के साथ ही व्यवस्थित नाली निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया गया। अंत में शाम 4 बजे ग्राम पंचायत परसवाड़ाघाट में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। तीनों ही स्थानों पर ग्रामीणों ने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ विधायक का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।

### ग्रामीणों की मांगों पर विधायक श्री पारधी ने किया आश्वस्त

कार्यक्रम के दौरान मोहगांव की सरपंच श्रीमती उर्मिला पटले, नांदी के सरपंच चैनलाल तुरकर एवं परसवाड़ाघाट की सरपंच श्रीमती चंद्रकला राजेंद्र टाडेकर ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास संबंधी मांगों का ज्ञापन विधायक को सौंपा।

इस अवसर पर विधायक गौरव पारधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की योजनाएं तेजी से जन-जन तक पहुंच रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

### निर्माण कार्यों की निरंतर निगरानी अत्यंत आवश्यक है - गौरव पारधी

विधायक गौरव सिंह पारधी ने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों का पालन और कार्य की निरंतर निगरानी अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की रही सक्रिय उपस्थिति रही जिनमें जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता अरविंद देशमुख, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष देशमुख, जनपद सदस्य मनोज बोपचे, सदस्य नेगेन्द्र चौहान, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष (तिरोड़ी कॉलेज) सुरेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, के.एल. चौधरी, रमणीक ठाकरे, मंडल उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल, पूर्व सरपंच लोकचंद बिसेन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# खेत में छिड़काव के दौरान कीटनाशक के प्रभाव में आने से युवक की मौत..





जगप्रेरणा कटंगी।

***बालाघाट जिले के कटंगी तहसील अंतर्गत ग्राम बीसापुर थाना कटंगी निवासी राकेश पिता देवेन्द्र पटले की खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय कीटनाशक दवाई के प्रभाव में***

आने से गंभीर स्थिति होने के चलते जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। इस मामले में जिला अस्पताल पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए इस युवक का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल को सुबह राकेश अपने खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था किंतु वह दोपहर में घर वापस नहीं आया। खेत पड़ोसी ने उसे खेत के कूंए के पास बेहोशी की हालत में पड़े हुए देखा तो उसके परिवार वालों को जानकारी दी। राकेश को उसके परिजनों ने तुरंत ही घर लाने के बाद कटंगी अस्पताल में भर्ती किया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था, किंतु शाम 6 बजे जब राकेश को जिला अस्पताल लाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। संभावना व्यक्त की गई है कि खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय राकेश कीटनाशक दवाई के प्रभाव में आने से बेहोश हो गया। जिसकी जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई।

# परम् पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर की 135 वीं विशाल जयंती समारोह 14 अप्रैल को होंगी सम्पन..

## देश के सुप्रसिद्ध अंबेडकरवादी कव्वाल सूरज आतिश करेंगे कव्वाली

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुद्ध सेन पटेल पूर्व सांसद, प्रमुख अतिथि पूज्य भदंत डॉक्टर चंद्र कीर्ति, प्रमुख अतिथि शकुन बौद्ध गाजियाबाद यू पी, व कार्यक्रम के अध्यक्षता एडवोकेट डॉक्टर संजय खोबरागड़े करेंगे

जगप्रेरणा कटंगी।

***परम् पूज्य डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति कटंगी के तत्वाधान में डॉक्टर अंबेडकर चौक बस स्टैंड कटंगी में परम् पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर जी की 135 वी विशाल जयंती समारोह का विशाल आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन***

समाज पार्टी के भूतपूर्व सांसद बुद्ध सेन पटेल रीवा कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पूज्य भदंत डॉक्टर चंद्र कीर्ति राष्ट्रीय सलाहकार ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फेरम, कार्यक्रम की प्रमुख अतिथि देश की सुप्रसिद्ध महिला वक्ता शकुन बौद्ध गाजियाबाद यू पी,कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि देवेंद्र श्री राजोरिया ग्वालियर, कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व न्यायाधीश नितिन कुमरे जी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कपिल मेश्राम सभापति नगर परिषद कटंगी एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता एडवोकेट डॉक्टर संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट की अध्यक्षता में संपन्न होगा आमंत्रित अतिथि गणों में फुलसिह परते जी, योगेंद्र मांत्रे जी, अशोक कारसर्पे जी, जनाब नवाब खान, राधेश्याम देशमुख, संजय पीलगर, जितेंद्र भोडेकर, मूलचंद अग्रिल जी, होंगे परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह कटंगी जिला बालाघाट के अध्यक्ष संजय शेंडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि दिनांक 11 अप्रैल 2026 को महात्मा ज्योतिबा जी फूले की जयंती का आयोजन किया गया, 12 अप्रैल 2026 को रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रज्ञा दीप विहार कटंगी में किया गया, दिनांक 13 अप्रैल 2026 को देश के सुप्रसिद्ध कवि शैलेश टी शैल,अंतू झक्कास, माधुरी किरण, लता शबनम, गोविंदा गावठी, हलचल बालाघाटी, के द्वारा बुद्ध अंबेडकर मिशन पर काव्य पाठ करेंगे रात्रि के 12:00 बजे अंबेडकर चौक में केक काटा जाएगा समिति के महासचिव एडवोकेट यशवंत गनवीर ने अपने जारी बयान में बताया कि दिनांक 14 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को दुनिया के महानतम विद्वान विश्व के विशालतम संविधान के निर्माता परम् पूज्य डॉक्टर बाबासाहब अंबेडकर की जयंती समारोह डॉ आंबेडकर चौक कटंगी में परम् पूज्य डॉक्टर बाबा अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण सुबह 9.00 बजे एवं पूजा वंदना एवम् प्रातः 11:00 बजे तथागत सम्यक सम्बद्ध की प्रतिमा एवं प्रज्ञा दीप बुद्ध विहार कटंगी का तीसरा वर्धापन दिवस पर कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पूज्य भदंत डॉक्टर चंद्र कीर्ति के द्वारा प्रज्ञा दीप बुद्ध विहार में पूजा वंदना की जाएगी दोपहर 3:00 बजे अंबेडकर चौक कटंगी से विशाल रैली शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर डॉ आंबेडकर चौक बस स्टैंड कटंगी में कार्यक्रम के रूप में तब्दील होगी तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख अतिथि विशेष अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष के द्वारा उद्बोधन किया जाएगा समिति के अध्यक्ष संजय शेंडे ने बताया कि देश के सुप्रसिद्ध कव्वाल सूरज आतिश मुंबई के द्वारा एक शाम बाबा साहब के नाम एक शाम संविधान के नाम भारत देश के नाम पर कव्वाली के माध्यम से प्रबोधन किया जाएगा कार्यक्रम का मंच संचालन अरविंद दरवाडे एवं अधिवक्ता युनित खोबरागड़े के द्वारा किया जाएगा बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा कटंगी के अध्यक्ष महेंद्र हिरक़ने, नगर अध्यक्ष डीडी गजभिए जी, एवं प्रज्ञा दीप बुद्ध विहार महिला मंडल के अध्यक्ष मंजू उके व समिति के अध्यक्ष संजय शेंडे एवं महासचिव एड. यशवंत गनवीर ने तमाम प्रबुद्ध जनों से सयुक्त रूप से आव्हान किया है कि सभी लोग स्वेत वस्त्र धारण कर अधिक से अधिक तादाद मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

# वारासिवनी मे महात्मा ज्योतिबा फुले चैक पर अब समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की भी लगेगी दुसरी भव्य प्रतिमा.. प्रदीप जायसवाल

## ग्राम देंवगांव मे नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम मे चंदन नदी पर पुल बनाने की हुयी मांग..









जगप्रेरणा वारासिवनी।

***जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव मे अधोसरंचना मद से नवनिर्मित महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अथिती प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री के हस्ते किया गया।***

जंहा ग्रामीणो के अपार समुदाय से पूर्व मंत्री व भाजपा के संगठन सहित ग्रामीण जनप्रतिनिधीयो ने सीधा संवाद कर ग्राम विकास की अवधारणा पर नितिगत चर्चा की।

कार्यक्रम मे विशेष रूप से अतिथी के रूप मे सर्वश्री प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जप पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता हनवत, मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, सिकन्द्रा सरपंच कन्हैया खैरवार, सरपंच राजकुमार कावरे, उपसरपंच धनराज ठाकरे, पूर्व सरपंच श्रीराम पंचेश्वर, युवा नेता अनिश मिश्रा आदि मंचासीन भी रहे।

इस अवसर पर प्रदीप जायसवाल पूर्व मंत्री ने कहा की महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयति पर शिक्षा, सामाजिक समानता और महिला सशक्तिकरण के अग्रदूत को याद करने का दिन है। हमने वारासिवनी नगर के कालेज चैक पर बेहद मनोहारी उनकी प्रतिमा लगाकर उद्यान का स्वरूप भी दिया है। अब हम इसी स्थल पर भारत की पहली महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की प्रतिमा भी जल्द स्थापित करने जा रहे है। पिछले विधानसभा चुनाव मे अगर क्षेत्र की जनता बहकावे मे नही आती तो 6 पुलो के बाद इस सत्र मे सबसे पहले चंदन नदी पर सिंगोडी देंवगांव पूल अभी तक बन जाता। आज सरपंच ने ग्राम पंचायत को गर्रा से जोडने व पूल निर्माण के विषय मे ज्ञापन सौपा है। इन विषयो को हम गंभीरता से ले रहे है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देते हुये कहा की आज ही लाडली बहनाओ के खाते मे मुख्यमंत्री जी ने राशी टांसफर कर दी है। किसानो को सम्मान निधि भी अनवरत मिल रही है। देवगांव मे प्रधानमंत्री आवास का 250 से अधिक लोगो का सर्वे पूर्ण हो गया है। जल्द नये नाम विभाग के पोर्टल पर अपलोड भी हो जायेगे।

इसी तरह नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे व जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयति पर प्रकाश डालते हुये कहा की आज ग्राम मे 15 लाख रूपये की लागत से चमचमाता सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन जनमानस को समर्पित कर दिया गया है। अब हम अपने नेताओ से यहां दो बडे कमरे निर्माण के लिये भी राशी की मांग करते है। जिससे विवाह समारोह सहित धार्मिक कार्य भी व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


॥ श्री जीणमाता की जय ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है ।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)




जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## संगठन की मजबूती ही पार्टी की ताकत..

# पूर्वाटोला में कांग्रेस का सृजन अभियान को लेकर बैठक संपन्न



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला द्वारा 11 अप्रैल को ग्राम***

पंचायत पूर्वाटोला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय सचिव हिना कावरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। इस दौरान पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र खोंगल, बहेला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ऋषि पटेल (दसरिया), मंडलम अध्यक्ष दिनेश लाड़े, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मनीष जुझार एवं ग्राम सरपंच गणेश बागड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव तक कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि आम जनता के बीच पार्टी का जनाधार और अधिक सशक्त हो सके। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत पूर्वाटोला में कांग्रेस पंचायत कमेटी का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं की सर्वसम्मति से सुशीलकुमार चोरवाड़े को ग्राम कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके चयन पर सभी ने उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बूथ और गांव तक कांग्रेस की पहुंच सुनिश्चित करना है, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत आधार मिल सके। साथ ही कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में नव-निर्वाचित ग्राम अध्यक्ष का स्वागत किया गया तथा सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने हेतु एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थिति रहे ।

# ग्रीष्मकालीन बाल सुसंस्कार, संगीतकला एवं अध्यात्म भक्तिमय शिविर का आयोजन



EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

## प्रशिक्षण शिविर के आयोजन को लेकर हुई बैठक..

जगप्रेरणा लांजी।

***एकल अभियान संच-लांजी द्वारा दादा कोटेश्वर एवं माँ लंजकाई की पावन नगरी लांजी में भावी पीढ़ी को अध्यात्म, भक्ति, लोककला और संगीत शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से एक माह का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।***

यह शिविर 10 से 16 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं तथा भक्ति एवं संगीत क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवा भाई-बहनों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों, योग, ध्यान, संगीत कला और अध्यात्मिक ज्ञान का विकास करना है। यह शिविर 1 मई से 30 मई 2026 तक (पूर्ण एक माह) नगर के सरस्वती शिशु विद्यामंदिर में सम्पन्न होगा।

जिसमें प्रतिदिन 6:00 से 7:30 बजे तक सामुदायिक ध्यान, सूर्य नमस्कार, योगासन, 8:00 बजे अल्पाहार, 9:00 से 11:00 बजे तक संगीत शिक्षा (हार्मोनियम, तबला, ढोलक, मंजीरा, गीत, राष्ट्रीय गीत, भजन, रामायण गायन, स्वर साधना आदि), 11:00 से 12:00 बजे तक भोजन, 12:00 से 3:00 बजे तक विश्राम, 3:00 से 3:30 बजे तक अल्पाहार, 3:30 से 5:30 बजे तक संगीत कला, 5:30 से 6:30 बजे तक बौद्धिक सत्ग्रंथों का अध्ययन, 6:30 से 7:30 बजे तक सायंकालीन आरती, प्रार्थना एवं चिंतन, 7:30 से 8:30 बजे तक स्नान एवं भोजन, एवं रात्रि 8:00 से 10:00 बजे तक नगर के इच्छुक भजन मंडल एवं महिला मंडलों के लिए विशेष संगीत कला, गीत-गायन, भजन, श्रीमद्‌भगवगीता तत्वज्ञान प्रवचन तथा संस्कृत पाठ्यक्रम होगा। शिविर में प्रवचन एवं प्रशिक्षण अनुभवी आचार्यों द्वारा दिया जाएगा, जिनमें संगीताचार्य एवं श्री अखिल भारतीय श्री गुरुदेव सेवा मंडल, तीर्थ क्षेत्र गुरुकुंज आश्रम, अमरावती (मोझरी) से आमंत्रित विद्वान शामिल होंगे।

प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए आयोजक एकल अभियान संच-लांजी ने शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी एवं अभिभावकों की 19 अप्रैल को दोपहर 3 बजे सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में बैठक रखी गई है, जिसमें सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

# आम्बेडकर जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर व क्षेत्र में कल 14 अप्रैल को विविध कार्यक्रम आयोजित कर आम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।***

इस अवसर पर दिन में 11 बजे से नगर के गोंडवाना सामुदायिक भवन में ओबीसी, एससी एसटी एकता परिषद लांजी के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फूले एवं डॉ बी आर आम्बेडकर की संयुक्त जयंती पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

जयंती अवसर पर नगर के आम्बेडकर चौक व बुद्ध विहार दखनीटोला में भी आम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। आयोजकों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने कि अपील की है।

# श्रीमती राधिका बाई दशहरे पंचतत्व में विलीन..



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम चिखली निवासी रिहादास दशहरे की पत्नी श्रीमती राधिका बाई दशहरे का 58 वर्ष की उम्र में 12 अप्रैल की अलसुबह गोंदिया के***

निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। आप अपने पीछे पति के अलावा एक पुत्र कोमल प्रसाद दशहरे और 4 पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा हो गेए। जिनका अंतिम संस्कार गांव के ही स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में रिश्तेदार, समाज व गांव के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर परिवार को दुःख सहन करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

# पन्नालाल मस्करे पंचतत्व में विलीन



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के ग्राम वारी निवासी पन्नालाल जी मस्करे का 12 अप्रैल को सुबह 8 बजे 84 वर्ष की आयु मे निज निवास वारी में दुखद निधन हो गया।***

आप अपने पीछे 7 पुत्र, 5 पुत्रियों सहित नाती पोतों से भरा पुरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गये। आपका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम वारी में शाम 4 बजे सामाजिक रीति रिवाजों के साथ यिका गया। आपके निधन पर सरपंच ऋषि दशरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, नाते रिश्तेदार एवं ईष्ट मित्रों सहित बडी संख्या में ग्रामीण जनो ने उपस्थित होकर पंच लकड़ी प्रदान कर मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा इस दुख की घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने हेतु परमेश्वर से प्रार्थना की गई।






लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## दलितों को अधिकार दिलाने ना थके और ना हारे, सामाजिक बदलाव की मिसाल हैं बाबा साहब

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एक शख्सियत.... ऐसा किरदार जिनके जीवन, उपलिब्ध, समाज में योगदान को आसानी से समझना हो तो कुछ इस तरह से समझा जा सकता है कि, जिनके पूर्वज कभी उन्हें क्लास रूम में अपने साथ नहीं बिठाते थे, जिनके साथ कभी पानी का जग साझा नहीं करते थे वही आज उनकी मूर्तियां बना रहें हैं। जो उच्च समाज उन्हें अछूत कहकर अपमानित करता था वही आज उनकी मूर्तियों पर पुष्पांजलि अर्पित करने को उतावला रहता है। उत्तर प्रदेश के योगी सरकार ने तो घोषणा की है कि इस साल बाबा साहब की हर प्रतिमा पर छत्र बनाया जाएगा, जिस पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा है उसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पूरे प्रदेश में सामाजिक न्याय के कार्यक्रम होंगे। मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने भी घोषणा की है कि बाबा साहब की जयंती पर आधा सैकड़ा से ज्यादा कैदियों को समयपूर्व रिहा किया जाएगा। यानि, हर कोई बाबा साहब का खैरख्वाह बनने की होड़ में है। खैर, बाबा साहब ने हर वर्ग और तबके की भलाई के लिए काम किया है। खासकर अपने समाज को ऊंचा उठाने, दलित समाज के लोगों की शिक्षा, उनके सामाजिक और आर्थिक विकास, समाज में उनके सम्मान और बराबरी के हक के लिए ताउम्र संघर्ष करते रहे। बाबा साहेब दलितों में चेतना जगाने में तो सफ्ल रहे। बाबा साहब दलितों के मन से हीन भावना को निकालने में कामयाब रहे लेकिन सवर्ण समाज के लोगों के मन से श्रेष्ठ या बेहतर होने की मानसिकता को खत्म नहीं कर सके। सवर्ण समाज ने उनके बराबरी के सिद्धांत को नहीं स्वीकारा। बाबा साहब ने दलित और शोषित समाज के लिए संविधान में भी कई चीजों को शामिल किया, वे ये चाहते थे कि कानून को सहीं तरीके से लागू किया जाए ताकि अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंच सके। इसी से पता चलता है कि बाबा साहब केवल अपने समाज या दलितों के लिए ही नहीं सोचते थे बल्कि सभी शोषित, मजलूम और कमजोर वर्ग के तबके के लिए उनकी चिंता थी। बाबा साहब ने तो सवर्ण महिलाओं के लिए भी चिंता जताई थी। ये भी विडम्बना ही है कि समाज का उच्च वर्ग बाबा साहब की नेक मंशा और उनके उसूलों को समझ नहीं पाया। इसके अलावा बाबा साहब ने जो अलख जगाई थी उसे दलित समाज का ही कोई अन्य नेता प्रज्वलित नहीं रख सका। समाज के अंदर की खेमेबाजी, राजनीतिक कूट चाल, भीतरी कलह, पदलोलुपता की वजह से दलित समाज को काशीराम के बाद कोई नेतृत्व नहीं मिल सका। कांशीराम ने खासी मेहनत की और वे कुछ हद तक कामयाब रहे। एक बड़े राजनीतिक मंच के तौर पर काशीराम ने राष्ट्रीय स्तर पर बहुजन समाज पार्टी को स्थापित किया। हालांकि, आरपीआई सहित लगभग सभी पार्टियाँ कुछ कामयाबी के बाद ही अपने रास्ते से भटक गई और अपने मूल मकसद में कामयाब नहीं हो सकीं। एक खास बात और, दलित समाज में उंच-नींच का भेद पनपने लगा। इस समाज के जो लोग उच्च पदों पर आसीन हो गए उन्होंने अपने ही समाज के लोगों को आगे बढ़ाने की बजाए उनसे ही भेदभाव शुरू कर दिया। उच्च शिक्षित या आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग समाज के ही कमजोर लोगों को कमतर समझने लगे हैं। आज जरूरत इस बात की है कि सिर्फ बाबा साहब को ही नहीं मानें बल्कि बाबा साहब की भी मानें। जय भीम का नारा लगाकर हम खुद को उनका अनुयायी तो बता सकते हैं लेकिन बाबा साहब का सपना तो तभी साकार होगा जब हम उनके बताए रास्ते पर चलेंगे, हम उनके आर्दशों को आत्मसात करेंगे, हम कमजोर-शोषित-पीड़ित और आर्थिक रूप से पिछड़े तबके इस इस तबके के लोगों का हाथ पकड़कर उसे सहारा देगें अन्यथा बाबा साहब की जयंती और महापरिनिर्वाण दिवस मनाकर ही इतिश्री हो जाएगी।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में स्थित महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था। इनके बचपन का नाम भिवा था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई मुरबादकर की 14 वीं और अंतिम संतान थे। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के पिता ब्रिटिश सेना में सूबेदार थे। बाबा साहेब का परिवार कबीर पंथ को मानने वाला मराठी मूल का था और वो वर्तमान महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गाँव के निवासी थे।

भारत रत्न, बोधिसत्व, महान मर्मज्ञ, अर्थशास्त्री, संविधान शिल्पी, आधुनिक भारत की नींव रखने वाले, इतिहास के ज्ञाता, तत्वज्ञानी, मानव शास्त्र के ज्ञाता, कानूनविद, मानवाधिकार के संरक्षक, धर्म व दर्शन के विद्वान, पाली साहित्य के अध्ययनकर्ता, महान लेखक, समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ, संपादक, बौद्ध साहित्य के अध्ययनकर्ता, मजदूरों के मसीहा, इतिहासविद, प्रोफेसर, शिक्षाविद्, चिंतक, समाज सुधारक, पर्यावरणविद्, वक्ता, दार्शनिक, बहुभाषाविद्, संपादक, आजाद भारत के पहले कानून मंत्री बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी डॉ. भीमराव आंबेडकर जिन्हें पूरी दुनिया प्यार और सम्मान के साथ बाबा साहब के नाम से पुकारती है। बाबा साहब, लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत और राष्ट्रीय प्रतीक या रोल मॉडल बन गए। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन साहस, संघर्ष और सामाजिक बदलाव की मिसाल है। भीवा से डॉ भीमराव अंबेडकर बनने तक का सफ्र आसान नहीं था लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। जिस बच्चे को कभी स्कूल में कक्षा के भीतर बैठने तक नहीं दिया जाता था बाद में वही बच्चा देश का पहला कानून मंत्री बना।

डॉ अंबेडकर ने धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक सद्भाव में अहम भूमिका निभाई। समाज में समानता के माध्यम से समाज को एक मजबूत नेतृत्व दिया। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता के माध्यम से समाज में धार्मिक विवादों और भेदभाव को दूर किया। सभी धर्मों के अधिकारों की समानता को लोगों तक पहुंचाया। बाबा साहब ने शिक्षा, आर्थिक विकास, और सामाजिक समानता को प्रोत्साहित किया। संविधान के माध्यम से उन्होंने दलितों और अन्य वंचित समुदायों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। उनके कानूनी और सामाजिक सुधार जैसी नीतियों के कारण न्याय सुलभ हुआ और समाज में व्यापक परिवर्तन हुआ। उन्होंने समाज के शोषित और पीड़ित वर्ग के लिए आवाज उठाई। इसके लिए उन्होंने कई सामाजिक आंदोलन चलाए।

आपने दलितों के लिए विशेष आरक्षण की मांग की और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने हिन्दू संविधान के खिलाफविरोध किया और दलितों को उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए प्रयास किया। बाबा साहब ने महाराष्ट्र के दलित समुदाय के लिए ÷महाद आंदोलन÷ किया, जिसमें उन्होंने दलितों के अधिकारों की मांग की और उन्हें समाज में समानता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ÷दलितों का उद्धार÷ आंदोलन के माध्यम से बाबा साहब ने दलितों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए संघर्ष किया। दलितों के लिए अनेक संगठन और संस्थाएं स्थापित की ताकि इनके जरिए दलितों को सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक समानता दिलाई जा सके। उन्होंने दलितों के लिए शिक्षा, आर्थिक सहायता, न्याय और उनके सामाजिक अधिकारों की रक्षा के लिए कई योजनाएं चलाईं। डॉ अंबेडकर के राष्ट्र प्रेम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वो भारत को विभाजित नहीं देखना चाहते थे। भारत को दो हिस्सों में बांटने की अंग्रेजों की साजिश से वे नाराज थे। इतना ही नहीं महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना की भी आलोचना की। पाकिस्तान के विभाजन को लेकर 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' के नाम से किताब भी लिखी थी। बाबा साहब का नजरिया दूरंदेशी था। वे समग्र विकास को तरजीह देते थे। उन्होंने ही औद्योगीकरण और कृषि निवेश की वकालत की। अल्प आय वर्ग के लिए आयकर का विरोध किया और भूमि सुधारों का समर्थन किया। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक अधिकारों की की भी वकालत की।

बाबा साहब का मानना था कि धर्म मनुष्य के लिए है। अम्बेडकर ने कहा कि ऐसे धर्म का कोई मतलब नहीं जिसमें मनुष्यता का कुछ भी मूल्य नहीं। अम्बेडकर जी ऐसे धर्म को चुनना चाहते थे जिसका केन्द्र मनुष्य और नैतिकता हो, उसमें स्वतंत्रता, समता तथा बंधुत्व हो। भीमराव आंबेडकर ने 13 अक्टूबर 1935 को नासिक के निकट येवला में एक सम्मेलन में धर्म परिवर्तन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा था, हालांकि मैं एक अछूत हिन्दू के रूप में पैदा हुआ हूं, लेकिन मैं एक हिन्दू के रूप में हरगिज नहीं मरूंगा।इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से भी हिंदू धर्म छोड़कर कोई और धर्म अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने धर्म परिवर्तन की घोषणा करने के बाद 21 साल तक विश्व के सभी प्रमुख धर्मों का गहन अध्ययन किया। अम्बेडकर बौद्ध धर्म को पसन्द करते थे क्योंकि उसमें तीन सिद्धांतों का समन्वित रूप मिलता है जो किसी अन्य धर्म में नहीं मिलता। बौद्ध धर्म प्रज्ञा (अंधविश्वास तथा अति प्रकृतिवाद के स्थान पर बुद्धि का प्रयोग), करुणा (प्रेम) और समता (समानता) की शिक्षा देता है। उनका कहना था कि मनुष्य इन्हीं बातों को शुभ तथा आनंदित जीवन के लिए चाहता है।

सन् 1950 में भीमराव अम्बेडकर बौद्ध धर्म के प्रति आकर्षित हुए और बौद्ध भिक्षुओं व विद्वानों के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीलंका (तब सिलोन) गये। स्वदेश वापसी पर डॉ. अम्बेडकर ने घोषणा की कि वे बौद्ध धर्म पर एक पुस्तक लिख रहे हैं और जैसे ही यह समाप्त होगी वो औपचारिक रूप से बौद्ध धर्म अपना लेंगे।

सन 1954 में अम्बेडकर ने म्यांमार का दो बार दौरा किया। दूसरी बार वो रंगून में तीसरे विश्व बौद्ध फैलोशिप के सम्मेलन में भाग लेने के लिए गये। 1955 में उन्होंने भारतीय बौद्ध महासभा यानी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की स्थापना की। उन्होंने अपने अंतिम प्रसिद्ध ग्रंथ, द बुद्ध एंड हिज धम्म को 1956 में पूरा किया। यह उनकी मृत्यु के पश्चात सन 1957 में प्रकाशित हुआ। इस ग्रंथ की प्रस्तावना में अम्बेडकर ने लिखा हैं कि मैं बुद्ध के धम्म को सबसे अच्छा मानता हूं। इससे किसी धर्म की तुलना नहीं की जा सकती है। यदि एक आधुनिक व्यक्ति जो विज्ञान को मानता है, उसका धर्म कोई होना चाहिए, तो वह धर्म केवल बौद्ध धर्म ही हो सकता है। सभी धर्मों के घनिष्ठ अध्ययन के बाद यह दृढ़ विश्वास मेरे बीच बढ़ गया है।

डॉ. अंबेडकर विद्वान और कर्मशील व्यक्ति थे। उन्होंने आकर्षक वेतन के साथ उच्च पदों को लेने से इनकार कर दिया क्योंकि वह दलित वर्ग के अपने बंधुओं को कभी नहीं भूले। उन्होंने अपना जीवन समानता, भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित किया, दलित वर्गों के उत्थान के लिए पुरजोर कोशिश की। बाबा साहब ने सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए समर्थन किया। वे चाहते थे कि दलितों को उनका अधिकार, सम्मान, सामाजिक और आर्थिक समर्थन मिले। उन्होंने सामाजिक-आर्थिक समानता, धर्मनिरपेक्षता और शिक्षा के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया।

बाबा साहब का परिश्रम, संघर्ष और निरंतर प्रयास इस बात का प्रतीक है कि इससे किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। बाबा साहब का जीवन संघर्ष, आपके उसूल, दलितों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता के लिए संघर्ष, आदर्श और सशक्त भारत के निर्माण में दिए गए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

लेखक



मुस्ताअली बोहरा
अधिवक्ता एवं
लेखक भोपाल

## इस बार की गर्मी भी..


इस बार की गर्मी भी
कहर ढा रही हैं
हम महिलाओं का मेकअप
पसीने से उतार रही है
काम नहीं कर रहा वाटरप्रूफ
काजल और लिपस्टिक भी
फाउंडेशन से गोरा
रंग काला पड़ रहा है
इस बार की गर्मी भी
कहर ढा रही है
पसीना पोंछ पोंछ कर फैल रही है
लाली लिपस्टिक
काजल भी आंखों से
बाहर आ रहा है
आई लाइनर और मस्कारा का..
तो हाल ही मत पूछो
पिघल कर सारे चेहरे
पर उतर रहा है
उफ्फयह गर्मी
क्या सितम ढा रही है
सारे मेकअप की बैंड
बजा रही है
हम से अच्छे तो पुरुष ही सही
हमेशा एक जैसे रहते हैं
एक ही कपड़ों में कितनी ...
शादीयां अटेंड करते हैं
ना कोई काजल न लिपस्टिक की जरूरत
परिवार के लिए अपनी हर
एक इच्छा को पीछे छोड़ देते हैं
ना इन पर गर्मी का
असर ना ही ठंड का प्रहार
ना चेहरे पर कोई आंच न शिकन
कितनी भी गर्मी पड़े पर
रहते हैं जस के तस
हमने भी सोच लिया
विदाउट मेकअप ही
शादी अटेंड करेंगे
ना देंगे गर्मी को
शिकायत का मौका
सबसे अच्छी है
सादगी की सुंदरता
सबसे अच्छी है सादगी की सुंदरता

लेखिका



अनुराधा विशाल
देशमुख, भैंसदेही
मध्यप्रदेश


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 95



ck;s ls nk;s & 1) 'भारत रत्न' पुरस्कार से सम्मनित एक जगप्रसिद्ध सितारवादक 6) समृद्ध होना, लहलहाना 11) अपरिचित 14) प्रभाव 16) दाद, एक चर्मरोग 17) धूल 18) मराठों का ध्वज 20) घंटी की ध्वनि 22) वेश्या 23) किसी व्यक्ति या वस्तु का संबोधनवाची शब्द 24) जहां यंत्र सामुग्री के द्वारा बड़े पैमाने पर वस्तुओं का उत्पादन होता है 25) युद्ध के लिए आव्हान देना 28) सुस्ती 29) कृतज्ञता 33) गहना 35) पुष्प रज 36) बिना मृत्यु के 37) किसी चीज को पकड़ने के लिए तेजी से आगे बढ़ना 39) जनानखाना 42) लक्ष्मी 44) स्पष्ट, प्रसिद्ध 45) असावधान, बेफिक्र 48) जिसमें धैर्य हो, गंभीर 50) फुलवारी 51) एक अवैद्य मादक पदार्थ 53) आयु, उमर 54) तनाव, खिंचाव 55) गरीब, रंक 56) पंजाब के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 57) एक फल 58) थोड़ा अर्थवाला एक उपसर्ग 60) समूह, लोग, जाति 62) रिवाज, प्रथा 63) भगवान, ईश्वर 64) मृत्यु होना अर्थवाला एक मुहावरा 68) विष्ठा, गंदगी 69) अच्छी बुद्धि 71) किसी खुले स्थान को घेरने के लिए लगाया गया मोटा कपड़ा 72) सूर्य, अर्क, सूरदासजी का संक्षिप्त प्रचलित रुप 74) वर्ष 76) रोजाना बिक्री की आमदनी 77) गाड़ी चलानेवाला 79) भारत मं वीरता के लिए दिया जानेवाला एक शौर्य पुरस्कार 83) किसी के विरुद्ध कोई काम करने के लिए गुप्त रुप से तैयार रहना इस अर्थवाला एक मुहावरा 85) प्रश्न – उत्तर 88) सोने – चान्दी पर किया जानेवाली रंगीन कलाकारी 89) अगुआ, मुखिया, किसी फिल्म का मुख्य पुरुष पात्र 92) नाप लेना, मापना 93) आसानी से प्राप्त, सहज 95) साहित्य में रसों की संख्या 96) विश्राम, ठहराव 99) लीन, लगा हुआ 100) रामायण में उल्लिखित वाली का पुत्र 102) तह 104) मट्ठा, छाछ (संस्कृत) 105) माचिस 106) शक्ति, ताकत 107) वर्तमान में पिता के लिए एक संबोधन 108) तामिलनाडू का मदुराई जिले में स्थित एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 109) उत्तर अमेरिका का एक जगप्रसिद्ध जलप्रपात 111) वर्ष 113) हमारी राष्ट्रीय लिपी 114) गंध, रहना 115) रामायण में सीता के पिता

Åij ls uhps & 1) नस 2) यश, जीत 3) आशंका, भय, डर 4) हथेली 5) जनानखाना 6) सब कार्यों या कलाओं में प्रवीण 7) शासन 8) राजप्रासाद 9) प्रसिद्ध साहित्यिक प्रेमचंदद्वारा लिखित उपन्यास 'गोदान' के नायक का नाम, होली 10) माप 11) बिना वजह 12) शिवजी का एक नाम 13) सर्पो को डोलने पर मजबूर करनेवाला एक वाद्य 14) आग 15) वेग 19) बांगला देश का चलन 21) आगे बढ़ना, स्थगित होना 23) घ्राणेन्द्रिय 26) एक मेवा 27) गुनाहगार, कसूरवार 28) उत्तर प्रदेश का ताजमहल के लिए प्रसिद्ध शहर 30) विचार 31) गायब, खोया हुआ, गुप्त 32) लकीर 34) हमला करनेवाला 36) बिना मन के, इच्छा के विरुद्ध 38) अवैद्य, अयोग्य 39) गतिविध, चेष्टा 40) जो पास न हो 41) सहिष्णु, सहन करनेवाला 42) कमला के पति विष्णु 43) शत्रुत्व, दुष्मनी 46) जूट 47) 'प्रतिवादी' का विरुद्धार्थी शब्द 49) एक लचीला स्थितिस्थापक पदार्थ 50) एक द्विदल अनाज 51) दमकना 52) हवन या यज्ञ में डाली जानेवाली लकड़ी 57) प्रकाश 59) गीला 61) मस्तक 63) जलाना, प्रज्वलित करना, भड़काना 65) जुल्म 66) वह घाव जिसमें से बहुत दिनों तक मवाद बहते रहता है 67) कपड़ा बुनने का यंत्र 68) नाव चलानेवाला, नाविक 69) सुगंध 70) राजी कराना 73) कृती,, निर्मिती 75) किसी चीज का ऊपरी भाग 76) आवश्यकता 78) शरमाना 80) स्वीकृति देना इस अर्थ का एक मुहावरा 81) एक वाद्य 82) खरीद–बिक्री 84) नाई 86) तलवार का चमकना 87) पश्चिम बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 90) 'करना' का अशुद्ध भूतकाल 91) वन, अरण्य 94) लपकने की क्रिया 97) मद्य, दारु 98) एक प्राचीन कालीन श्रीकृष्ण भक्त मुस्लिम संत कवि 99) धनवान, अमीर 100) आसमान 101) मादा चकोर 103) पैर का नीचे का भाग 104) पेड़ का धड़ 107) एक का चौथाई भाग 110) घमंड, अभिमान 112) सरिता (जवाब अगले अंक में) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## धार्मिक ग्रंथ......!

१.हिन्दू धर्म
○ ○ ○ ○ ○ ता

२. ख्रिश्चन धर्म
○ य ○ ○

३. मुस्लिम धर्म
कु ○ ○

४. पारसी धर्म
○ ड ○ वि ○

५. सिक्ख धर्म
गु ○ ○ ○ ○ ○ ○ ब

६. ज्यू धर्म
ती ○ ○

## सू-डोकू- 95

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 2 | | | | | 9 | 5 |
| | 5 | 8 | | | | 4 | | 3 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 7 |
| 9 | 5 | | | 8 | | 7 | 3 | |
| 4 | | 7 | 1 | | 3 | | 5 | |
| | 3 | | 7 | | 5 | 9 | 1 | |
| 1 | 2 | | 8 | 7 | | | | 6 |
| 6 | | 3 | | | 4 | | 8 | |
| 8 | 9 | | 2 | 3 | | 5 | 7 | 1 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

### I Mkd 94 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 3 |
| 3 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 |
| 5 | 1 | 9 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 2 |



# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## थम गई सुरों का जादू बिखेरने वाली 'आशा'

# 70 सालों तक म्यूजिक के हर ट्रेंड में बरकरार रहा जलवा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***आशा भोसले भारतीय सिनेमा और संगीत जगत की एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने अपनी अनोखी आवाज और अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा से लाखों दिलों पर राज किया। 8 सितंबर 1933 को सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मीं आशा भोसले के संगीत का सफर 1940 के दशक के अंत से शुरू हुआ था। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उनका आज निधन हो गया।***

आठ दशकों से अधिक लंबे करियर में उन्होंने 20 से अधिक भारतीय भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने रिकॉर्ड किए, जिसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उन्हें सबसे अधिक गाने रिकॉर्ड करने वाले कलाकार के रूप में मान्यता दी।

### संघर्षों के बीच अपनी पहचान बनाने का जुनून..

आशा भोसले का करियर शुरूआत में चुनौतीपूर्ण रहा। बड़े परिवार में छोटी बहन के रूप में वे अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर की छाया में रहीं, लेकिन उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाने का फैसला किया। शुरू में उनकी आवाज लता जी से काफी मिलती-जुलती थी, इसलिए उन्होंने जानबूझकर अपनी स्टाइल को बदल लिया।

उन्होंने पश्चिमी प्रभाव वाले गानों में अपनी आवाज को ज्यादा बोल्ड, सेक्सी और एनर्जेटिक बनाया, जिससे वे कैबरे, डिस्को, पॉप और आधुनिक गानों की क्वीन बन गईं।

### शरारत और अदाओं की शाश्वत गायिका..

आशा भोसले के करियर का ब्रेकथ्रू 1957 में ओ.पी. नैय्यर के साथ आया। फिल्म 'नया दौर' का गाना 'उड़े जब जब जुल्फें तेरी' हिट हुआ। इसके बाद ओ.पी. नैय्यर, एस.डी. बर्मन, आर.डी. बर्मन और खय्याम जैसे संगीतकारों के साथ उन्होंने अमर गीत दिए।




1960-70 के दशक में आर.डी. बर्मन (पंचम) के साथ उनकी जोड़ी ने जादू रचा। 'पिया तू अब तो आ जा' (कारवां), 'डम मारो डम' (हरे राम हरे कृष्ण), 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' (या यादों की बारात), 'ये लड़का हाय अल्लाह' (हम किसी से कम नहीं) और 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' (डॉन) जैसे गाने आज भी युवा पीढ़ी को झूमने पर मजबूर करते हैं।

### बहुमुखी प्रतिभा की धनी..

आशा जी की सिंगिंग स्टाइल उनकी सबसे बड़ी ताकत रही। लता मंगेशकर की कोमल, भावपूर्ण और शुद्ध स्वर वाली आवाज के विपरीत आशा की आवाज में एक अनोखी ऊर्जा, सुरीली टोन और प्रयोगधर्मिता है। वे क्लासिकल ग़ज़लों से लेकर लोक, भजन, कव्वाली, फोक और वेस्टर्न डिस्को तक हर विधा में माहिर रहीं। फिल्म 'उमराव जान' (1981) में खय्याम के साथ 'दिल चीज क्या है'

और 'इन आंखों की मस्ती' जैसी ग़ज़लें गाकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे सिर्फ आइटम सॉन्स तक सीमित नहीं हैं। इन्हीं गानों के लिए उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। दूसरा नेशनल अवॉर्ड 'मेरा कुछ सामान' (इजाजत) के लिए मिला।

### स्वरकोकिला के साथ सुरों की जादूगरनी..

स्वरकोकिला लता मंगेशकर और उनकी बहन आशा भोसले दोनों की आवाजें अलग-अलग लेकिन पूरक रहीं। लता जी को 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' कहा जाता है तो आशा जी को 'वर्सेटाइल क्वीन।' उन्होंने फिल्मों में लगभग 70-80 डुएट और ग्रुप सॉन्स साथ गाए। प्रसिद्ध डुएट्स में 'मन क्यों बेहका रे बेहका' (उत्सव), 'मैं चली मैं चली' (पड़ोसन), 'पिंगा' (बाजीराव मस्तानी) और कई अन्य शामिल हैं। शुरू में प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन बाद में दोनों ने एक-दूसरे की तारीफ की। आशा जी ने कहा कि लता दीदी से अलग स्टाइल अपनाकर उन्होंने अपनी जगह बनाई।

### पुरस्कार और सम्मान..

दिग्गज गायिका आशा भोसले ने न सिर्फ हिंदी बल्कि बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल आदि भाषाओं में भी गाया। उन्होंने 9 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स (रिकॉर्ड 7 बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर), दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड (2000), पद्म विभूषण (2008) और कई अन्य सम्मान प्राप्त किए।

### युवाओं के बीच आशा ताई का क्रेज..

जब-जब आशा ताई ने स्टेज पर परफॉर्म किया उनके सुरों का जादू युवाओं के सिर चढ़कर बोलता था। उनका जलवा म्यूजिक के हर बदलते ट्रेंड में बरकरार रहा और नई पीढ़ी के गायकों को प्रेरित करता रहा।

उनकी यात्रा सिर्फ गानों की नहीं, बल्कि साहस, प्रयोग और समर्पण की मिसाल है। आशा भोसले ने साबित किया कि प्रतिभा अगर सही दिशा में लगे तो कोई सीमा नहीं रहती।

# सावन बरवाल ने शिवनाथ सिंह का मैराथन में 48 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***सावन बरवाल ने रविवार को रोटरडैम एनएन मैराथन में भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में सबसे लंबे समय से कायम 48 साल पुराने राष्ट्रीय मैराथन रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया। हिमाचल प्रदेश के इस लंबी दूरी के धावक ने दो घंटे 11 मिनट और 58 सेकंड का समय लेकर इस शीर्ष स्तर की मैराथन में 20वां स्थान हासिल किया और शिवनाथ सिंह के नाम 1978 से कायम दो घंटे 12 मिनट के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।***

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दूसरे भारतीय धावक गोपी थोनकल ने 42.195 किलोमीटर की दूरी दो घंटे 13 मिनट और 16 सेकंड में पूरी करके 23वां स्थान हासिल किया। बरवाल की उपलब्धि इसलिए भी सराहनीय है क्योंकि रोटरडैम में आयोजित यह मैराथन उनकी पहली मैराथन थी। जनवरी में अमेरिका में आयोजित विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद यह इस सत्र की उनकी दूसरी प्रतियोगिता थी।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंदर नगर के एक गांव से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय बरवाल ने कई वर्षों तक कड़ी मेहनत की है और खुद को एक बेहतर लंबी दूरी के धावक के रूप में स्थापित किया है।




बरवाल ने कहा कि आखिरी पांच किलोमीटर की दौड़ के दौरान मौसम काफी ठंडा था, जिससे सामंजस्य बिठाने में उन्हें परेशानी हुई। उन्होंने कहा, 'मौसम काफी ठंडा था। पानी के स्टेशन पर मैंने गलती से अपने सिर पर पानी डाल लिया।'

उन्होंने कहा, '37 किलोमीटर तक मैं आराम से दौड़ रहा था, लेकिन आखिरी दो किलोमीटर काफी मुश्किल भरे थे, क्योंकि मुझे फिनिश लाइन पार करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।' उन्होंने कहा,'मैं दो घंटे 10 मिनट का समय निकालने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार था, लेकिन मुश्किल परिस्थितियों ने मुझे अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड और बेहतर करने से रोक दिया।'

सेना में कार्यरत बरवाल लगभग 21 किलोमीटर की दौड़ के बाद एक घंटे चार मिनट और 43 सेकंड के समय के साथ 27वें स्थान पर थे, जबकि गोपी 33वें पायदान पर थे। बरवाल ने इसके बाद अपनी गति बढ़ाई और 35वें किलोमीटर के पास 19वें स्थान पर पहुंच गए। विश्व एथलेटिक्स की वेबसाइट पर उनके पिछले दौड़ रिकॉर्ड में किसी मैराथन का उल्लेख नहीं है। उन्होंने हालांकि कई हाफ मैराथन, 5000 मीटर और 10000 मीटर दौड़ों में भाग लिया है। उन्होंने 2022 फेडरेशन कप राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 10000 मीटर में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उन्होंने दुबई में आयोजित एशियाई हाफ मैराथन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया था।

बरवाल ने 2024 में फेडरेशन कप में 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। बरवाल के लिए 2025 सबसे सफल वर्ष रहा, क्योंकि उन्होंने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 5000 मीटर और 10000 मीटर में स्वर्ण पदक, फेडरेशन कप में 10000 मीटर में स्वर्ण पदक और भुवनेश्वर में आयोजित विश्व एथलेटिक्स कांस्य स्तरीय महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में 5000 मीटर में कांस्य पदक जीता।

गोपाल ठाकुर द्वारा प्रशिक्षित बरवाल दिल्ली हाफ मैराथन और विश्व 25के कोलकाता दौड़ में भी नियमित रूप से भाग लेते रहे हैं। उन्होंने 2024 में दिल्ली हाफमैराथन में भारतीय एलीट वर्ग के धावकों में स्वर्ण पदक जीता था।

# जब ब्रेट ली ने आशा भोसले के साथ मिलकर एक हिट गाना बनाया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली और महान गायिका आशा भोसले ने 2007 में एक अनोखी 'म्यूजिकल' जोड़ी बनाई थी जिसने 'यू आर द वन फोर मी' जैसा हिट गाना दिया था। प्रख्यात गायिका भोसले का 92 वर्ष की उम्र में रविवार को मुंबई में निधन हो गया।***

उन्हें सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण एक दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ली ने अपनी आत्मकथा 'माई लाइफः ब्रेट ली' में उन्हें 'एक प्यारी, सौम्य महिला' बताया था जिनकी हंसी मजाक की प्रवृति (सेंस ऑफ ह्यूमर) बहुत बढ़िया थी।

उनकी मुलाकात 2007 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान हुई थी, जब ली से एक एल्बम में योगदान देने के बारे में बात की गई थी जिसमें अंतरराष्ट्रीय कलाकार और बॉलीवुड सितारे शामिल होने वाले थे। इस प्रस्ताव में दिलचस्पी दिखाते हुए उन्होंने इसके लिए हामी भर दी, विशेषकर यह सुनकर कि इस एल्बम में रॉबी विलियम्स जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।



ली ने 2011 में लिखी अपनी किताब में लिखा था, 'मुझे बताया गया कि इस एल्बम में मेरे लिए एक गाना चुना जाएगा, फिर मैं उसे सीखूंगा और चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान किसी समय आशा जी के साथ मिलकर उसकी रिकॉर्डिंग करूंगा। मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था कि ऐसा सच में हो रहा है, एक महान हस्ती के साथ काम करने का यह कितना जबरदस्त मौका था।'

भोसले को 'भारतीय संगीत की अरेथा फ्रैंकलिन' बताते हुए ली ने उस रिकॉर्डिंग के बारे में किताब में लिखा था कि क्रिकेट के बेहद व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उन्होंने भोसले के साथ चार घंटे की रिकॉर्डिंग के लिए समय निकाल ही लिया था। ली ने लिखा था, 'वह एक प्यारी, सौम्य महिला थीं जिनका 'सेंस ऑफ ह्यूमर' बहुत बढ़िया था। यह क्लिप मुख्य रूप से एक ऑफिस में फिल्माई गई थी। हालांकि मुझे ठीक से पता नहीं था कि मैं क्या कर रहा हूं, लेकिन मुझे इसमें बहुत मजा आया।'

यह गाना बाद में काफी हिट हुआ। चार महीने बाद जब वे सिडनी ओपेरा हाउस में दोबारा मिले तो भोसले ने ली को यह एल्बम भेंट किया जिस पर उन्होंने अपने हाथ से एक निजी संदेश भी लिखा था। ली ने लिखा, 'यह हमेशा मेरे सबसे कीमती खजानों में से एक रहेगा।' भोसले का अंतिम संस्कार सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा।

# जना नायकन फिल्म को बॉलीवुड से भी मिलने लगा सपोर्ट, सोनू सूद ने पोस्ट कर थालापति विजय का किया समर्थन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अपनी निर्धारित रिलीज के चार महीने बाद दक्षिण भारतीय सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म 'जना नायकन' 10 अप्रैल, 2026 को ऑनलाइन लीक हो गई। विजय की इस नई फिल्म के अचानक लीक होने से फिल्म निर्माता और पूरी टीम को गहरा सदमा लगा है,***

खासकर आधिकारिक रिलीज से पहले ऐसा होना। शुक्रवार को रजनीकांत, कमल हासन, सूर्या, चिरंजीवी सहित कई अभिनेताओं ने इस कृत्य की निंदा की। अब बॉलीवुड से भी पहली प्रतिक्रिया आ गई है और यह सोनू सूद की है।

### सोनू सूद ने शेयर किया पोस्ट..

बॉलीवुड अभिनेता ने अपने पोस्ट में लिखा, 'फिल्म बनाने में कितनी रातों की नींद हराम होती है, कितने सालों की मेहनत और जुनून लगता है... इसे सिर्फ इसमें शामिल लोग ही समझते हैं। यह उनके बच्चे की तरह है।

पाइरेसी न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि इसके पीछे काम करने वाले हर कलाकार और तकनीशियन का घोर अपमान है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। विजय के समर्थन में खड़ा हूं। आइए सिनेमा का सम्मान करें।' पूजा हेगड़े ने जना नायकन के लीक होने पर अपना गुस्सा इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जाहिर किया।



उन्होंने कहा कि विजय की इस नई फिल्म का जिस तरह से लीक होना अस्वीकार्य है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में पूजा ने लिखा, 'मेरे प्यारे दर्शकों, एक फिल्म अनगिनत घंटों की कड़ी मेहनत, रचनात्मक जोखिम, व्यक्तिगत बलिदान और उस टीम के प्रयासों का नतीजा होती है जो हर दिन इस उम्मीद के साथ काम पर आती है कि आपको बेहतरीन अनुभव प्रदान कर सके।'

### पूजा हेगडे ने भी निराशा जाहिर की..

पूजा हेगड़े ने आगे कहा, 'हमारी फिल्म का ऑनलाइन लीक होना बेहद निराशाजनक है, न सिर्फ मेरे लिए, बल्कि इस पर काम करने वाले हर व्यक्ति के लिए। इसे अवैध रूप से लीक होते और साझा होते देखना बेहद मुश्किल है। यह सिर्फ इसलिए परेशान करने वाला नहीं है कि इससे फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर असर पड़ेगा, बल्कि इसलिए भी कि यह हर कलाकार और तकनीशियन के सम्मान को छीन लेता है, जिसके वे हकदार हैं।' जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि जन नायकन में पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। विजय की आखिरी फिल्म जन नायकन 9 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी; हालांकि, कुछ दृश्यों के कारण सेंसर बोर्ड ने फिल्म को मंजूरी नहीं दी। मामला अदालत तक भी पहुंचा।

प्रशंसक अब बेसब्री से फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं ताकि पता चल सके कि फिल्म आखिरकार सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी।

# याद हैं शोले की मौसी? लकवा मारने के बाद भी करती रहीं थी फिल्म की शूटिंग, 73 साल में जीता था बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड..

डेस्क जगप्रेरणा।

***शोले फिल्म में जय वीरू की दोस्ती हो या फिर ठाकुर का रौब, सभी को एक खास अंदाज में याद किया जाता है। इस फिल्म के हर किरदार को लोग आज भी याद रखते हैं। इसी फिल्म में थीं एक मौसी जिन्होंने पूरी फिल्म में सफेद साड़ी पहनी और कमाल की एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बना ली।***

इस रोल को प्ले किया था लीला मिश्रा ने। लीला मिश्रा बॉलीवुड की उन चंद कलाकारों में से हैं जिन्होंने मरते दम तक कला के लिए काम किया। इतना ही नहीं लकवा मारने के बाद भी उन्होंने शूटिंग की थी और 73 साल की उम्र में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतकर सभी को चौंका दिया था।

### 200 से ज्यादा फिल्मों में किया काम..

लीला मिश्रा एक ऐसी अभिनेत्री थीं जिन्होंने पांच दशकों से अधिक समय तक फिल्म उद्योग में 200 से अधिक फिल्मों में काम किया। उन्हें 1975 में आई फिल्म 'शोले' में 'बसन्ती की मौसी' के किरदार के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। हालांकि उनके बेहतरीन अभिनय में से एक 1981 में आई फिल्म 'नानी मां' में था, जिसके लिए उन्हें 73 वर्ष की आयु में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था। उनके निधन से फिल्म उद्योग में गहरा सदमा छा गया। एक पुराने इंटरव्यू में फिल्म निर्माता साई प्रांजपे ने लीला के समर्पण को याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने अंतिम दिनों में भी खुद को फिल्म जगत के प्रति समर्पित कर दिया था। साई प्रांजपे ने बताया कि कैसे लीला मिश्रा लकवाग्रस्त होने के बावजूद शूटिंग करती रहीं।



### फिल्म कथा का किया था जिक्र..

साई परंजप्ये ने 1983 में आई फिल्म 'कथा' में लीला मिश्रा के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद करते हुए बताया कि दिवंगत अभिनेत्री असाधारण थीं। उन्होंने कहा कि लीला बेजोड़ व्यावसायिकता और समर्पण की मिसाल थीं। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने ऐसी अभिनेत्री कभी नहीं देखीं, जिन्होंने औपचारिक शिक्षा न होने के बावजूद फिल्म निर्माण को इतनी गहरी समझ से समझा। वह समय की पाबंदी और पूर्णता की साक्षात मूर्ति थीं। मैंने उनके जैसी किसी और को कभी नहीं देखा।

### आखिरी फिल्म का सुनाया था किस्सा..

साई ने आगे बताया कि चश्मों बुदूर में लीला के साथ काम करते समय उन्होंने गौर किया कि अभिनेत्री सहजता से किसी भी दृश्य में अपनी रचनात्मकता का स्पर्श जोड़ देती थीं। लड़कों के घर की सीढ़ियां सहजता से चढ़ने से लेकर मौके पर ही सहजता और कुशलता से अभिनय करने तक, लीला एक सच्ची परफेक्शनिस्ट थीं। हालांकि, एक खास घटना ने उनके लिए लीला के अदम्य साहस की एक मार्मिक तस्वीर पेश की। उन्होंने याद किया कि उन्हें बताया गया था कि उनकी आखिरी फिल्म 'दाता' की शूटिंग के दौरान लीला को लकवा मार गया था और उनके शरीर का आधा हिस्सा काम करना बंद कर दिया था। हालांकि जब पूरा सेट असमंजस में था और लीला मिश्रा को इलाज के लिए मुंबई वापस लाने की चर्चा शुरू हुई, तब भी अभिनेत्री अविचलित रहीं। साई ने बताया कि लीला अपनी हालत से बिल्कुल भी विचलित नहीं हुईं और उन्होंने कैमरा क्रू से अनुरोध किया कि उन्हें उस तरफ से शूट किया जाए जहां उनकी हालत ठीक है। उन्होंने बताया कि शूटिंग खत्म होने के बाद ही लीला मुंबई लौटीं, जहां कुछ ही समय बाद उनका निधन हो गया।

# दिल्ली के आरित अंतरराष्ट्रीय मास्टर नार्म हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली के 10 वर्षीय आरित कपिल स्पेन के मेनोरका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल असाका के साथ ड्रॉ खेलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 10 वर्ष सात महीने की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया।***

आरित ने प्रतियोगिता की शुरुआत शानदार तरीके से करते हुए दूसरे दौर में कजाखस्तान के पूर्व विश्व अंडर-20 चैंपियन और ग्रैंडमास्टर नोगरबेक काजीबेक को हराया। दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए पिछले साल अंडर-11 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। वह वर्तमान में 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। इस प्रतियोगिता में आरित का सबसे यादगार प्रदर्शन अर्जेंटीना के 12 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओरो फॉस्टिनो के खिलाफरहा, जिन्हें 'शतरंज की दुनिया का मेसी' कहा जाता है। इस मुकाबले में आरित ने संयम दिखाते हुए ड्रॉ हासिल किया और वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया। आरित को अंतिम तीन मुकाबलों में केवल आधा अंक चाहिए था, लेकिन लगातार दो हार के बाद उनका पहला आईएम नॉर्म हासिल करने का सपना मुश्किल में पड़ता नजर आया। उन्होंने हालांकि अंतिम दौर में खुद को संभाला और तेजी से सही चालें चलते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत ने पांच किग्रा एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई, पीएनजी विस्तार तेज किया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच भारत ने छोटे पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है और पाइप से मुहैया कराई जाने वाली***



प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार तेज कर दिया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 23 मार्च से अब तक पांच किलोग्राम के 13 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर बेचे गए हैं और इनकी दैनिक बिक्री एक लाख से अधिक हो गई है। यह कदम प्रवासी श्रमिकों और कम आय वर्ग के उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए उठाया गया है।

इसी अवधि में 4.24 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि 30,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन वापस कर पीएनजी को अपनाया है।

छह सप्ताह से जारी पश्चिम एशिया संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग आधा कच्चा तेल, 40 प्रतिशत गैस और 85-90 प्रतिशत एलपीजी इस क्षेत्र से आयात करता है, जिस पर इस संकट का असर पड़ा है।

हालांकि कच्चे तेल की कमी को अन्य स्रोतों से पूरा कर लिया गया है, लेकिन एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है। ऐसे में सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी है और होटल-रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति में कटौती की है। संकट से पहले फरवरी में जहां रोजाना लगभग 77,000 सिलेंडर बिक रहे थे, वहीं पिछले दो-तीन सप्ताह में यह संख्या एक लाख से अधिक हो गई है। बयान के अनुसार, घरेलू एलपीजी आपूर्ति कुल मिलाकर स्थिर बनी हुई है और कहीं भी कमी की सूचना नहीं है। 11 अप्रैल को 52 लाख से अधिक सिलेंडर वितरित किए गए।

मांग का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन बुकिंग के जरिए पूरा हो रहा है, जबकि वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 93 प्रतिशत लेनदेन में सत्यापन प्रणाली लागू की गई है।

वाणिज्यिक एलपीजी की उपलब्धता भी अब संकट-पूर्व स्तर के करीब 70 प्रतिशत तक बहाल हो गई है। सरकारी तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड राज्य सरकारों के साथ मिलकर आपूर्ति को सुचारु बना रही हैं।

बयान में कहा गया है कि रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। साथ ही, घरेलू एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है।

# कार्बन-प्रधान क्षेत्रों में अधिक ऋण देने वाले बैंकों पर बढ़ सकता है जोखिमः अध्ययन..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कार्बन-प्रधान क्षेत्रों को अधिक कर्ज देने वाले बैंकों को समय के साथ अधिक ऋण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है, जिससे निगरानी और वसूली की लागत बढ़ सकती है।***




आईआईएम लखनऊ के शोधकर्ताओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। संस्थान के शोधकर्ताओं की टीम ने इस अध्ययन के जरिए यह समझने का प्रयास किया कि कार्बन-प्रधान क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋण का बैंकों की दीर्घकालिक वित्तीय स्थिति और कार्यकुशलता पर क्या प्रभाव पड़ता है।

यह अध्ययन 'जर्नल ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंशियल मार्केट्स, इंस्टीट्यूशंस एंड मनी' में प्रकाशित हुआ है। इसमें कहा गया है कि स्थिरता और वित्तीय प्रदर्शन आपस में जुड़े हुए हैं और वैश्विक स्तर पर कम-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर हो रहे बदलाव के साथ वित्तीय रणनीतियों का तालमेल जरूरी है।

अध्ययन में कहा गया कि बैंक सीधे कार्बन उत्सर्जन नहीं करते, लेकिन जीवाश्म ईंधन और भारी उद्योग जैसे अधिक प्रदूषण वाले क्षेत्रों को वित्तपोषण देकर अप्रत्यक्ष रूप से इसमें भूमिका निभाते हैं।

अध्ययन के सह-लेखक विकास श्रीवास्तव ने कहा, ÷वित्तीय संस्थान ऐसे परिवर्तन संबंधी जोखिमों का सामना कर रहे हैं, जो पारंपरिक जोखिम आकलन में तुरंत दिखाई नहीं देते। यह शोध इस बात पर जोर देता है कि बदलती जलवायु नीतियों के संदर्भ में दीर्घकालिक दृष्टिकोण से क्षेत्रीय जोखिमों को ध्यान में रखना आवश्यक है।÷

उन्होंने बताया कि 26 देशों के 158 बैंकों के विश्लेषण से पता चला है कि कार्बन-गहन क्षेत्रों में अधिक निवेश करने वाले बैंक समय के साथ कम दक्ष हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि इन क्षेत्रों पर नियामकीय निगरानी बढ़ रही है और नीतिगत बदलाव हो रहे हैं, जिससे ये उधारकर्ता अधिक जोखिमपूर्ण बनते जा रहे हैं।

अध्ययन की सह-लेखक सौम्या सुब्रमण्यम ने कहा कि इस शोध की एक खास विशेषता कार्बन-क्षेत्र जोखिम को मापने का तरीका है, जिसमें ऋण के संकेंद्रण और कार्बन उत्सर्जन दोनों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, ÷यह तरीका बैंकों के ऋण पोर्टफोलियो में छिपे जोखिमों का अधिक सटीक आकलन करने में मदद करता है। अध्ययन मजबूत पूंजी आधार के महत्व को भी रेखांकित करता है। अधिक पूंजी वाले बैंक इन जोखिमों को बेहतर तरीके से झेल सकते हैं और जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले प्रभाव को सीमित कर सकते हैं।÷

शोधकर्ताओं ने बैंकों को सलाह दी है कि वे दीर्घकालिक जोखिमों को ध्यान में रखते हुए अपने ऋण पोर्टफोलियो पर पुनर्विचार करें। अध्ययन में यह भी कहा गया है कि नियामकों के लिए यह शोध उपयोगी सुझाव देता है, जिससे वे जलवायु जोखिम और पूंजी से जुड़ी प्रभावी नीतियां बना सकें। इसमें यह भी रेखांकित किया गया है कि हरित पोर्टफोलियो की ओर बढ़ना पर्यावरण और कारोबार दोनों के लिए लाभकारी है।

# मधुमक्खी पालन, कृषि निर्यात क्षेत्र को आरबीआई की निर्यात राहत योजनाओं में शामिल करे सरकार : सीएआई



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया युद्ध के कारण निर्यात खेप की आवाजाही प्रभावित रहने के बीच देश के मधुमक्खीपालन करने वाले किसानों की अगुवा संस्था कनफेडरेशन ऑफ एपिकल्चर इंडस्ट्री (सीएआई)***

ने सरकार से मांग की है कि निर्यातक उद्योगों को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से बैंक ऋण लौटाने की अवधि में जो विशेष छूट दी गई है, उसके दायरे में मधुमक्खीपालन उद्योग को भी लाया जाना चाहिये। सीएआई के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने इस संबंध में प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर को एक विस्तृत प्रतिनिधित्व (पत्र) भेजा गया है।

सीएआई ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वैश्विक व्यापार व्यवधानों, विशेषकर पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित निर्यातकों को राहत प्रदान करने को उठाए गए कदमों की सराहना की है। इन उपायों में निर्यात प्राप्तियों की अवधि को नौ माह से बढ़ाकर 15 माह किया गया है। साथ खेप भेजने से पहले और खेप भेजने के बाद के ऋण लौटाने की अवधि को 450 दिन तक बढ़ाया गया है। यह समयसीमा पहले कर्मशः 90-90 दिन ही थी।

इसके अलावा प्रभावित निर्यातकों के लिए ऋण किस्तों एवं ब्याज पर छूट तथा बैंकों को ऋण सीमा एवं मार्जिन में लचीलापन देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। सीएआई के अध्यक्ष ने कहा कि मधुमक्खी पालन एवं कृषि निर्यात क्षेत्र, जो वर्तमान परिस्थितियों में अत्यधिक प्रभावित हुए हैं, उन्हें अभी तक इन राहत उपायों के दायरे में शामिल नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन (शहद निर्यात) एवं कृषि निर्यात क्षेत्र को हाल ही में घोषित निर्यात राहत उपायों के दायरे में शामिल किया जाना चाहिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि जारी पश्चिम एशिया संकट के कारण पारंपरिक निर्यात मार्ग बाधित हुए हैं, लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि हुई है, निर्यात खेप भेजने में देरी हो रही है तथा भुगतान चक्र प्रभावित हुआ है। इसके अतिरिक्त, पूर्व में अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क संबंधी चुनौतियों ने भी इस क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को कमजोर किया है। शर्मा ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शहद निर्यात क्षेत्र - निर्यात भुगतान प्राप्ति में अत्यधिक देरी, कार्यशील पूंजी पर बढ़ते दबाव, विदेशी खरीदारों द्वारा ऑर्डर रद्द या स्थगित करने, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट, मधुमक्खी पालकों, किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं एवं एमएसएमई इकाइयां गंभीर नकदी संकट जैसी प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

सीएआई ने यह भी रेखांकित किया कि भारत के लगभग 80 प्रतिशत शहद का निर्यात अमेरिका को तथा 20 प्रतिशत पश्चिमी एशियाई देशों को होते हैं। इस उच्च अंतरराष्ट्रीय निर्भरता के कारण वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों का देश के शहद एवं मधुमक्खीपालन से संबंधित उत्पादों पर व्यापक और श्रृंखलाबद्ध प्रभाव पड़ा है, जिससे हजारों छोटे एवं सीमांत मधुमक्खी पालकों और किसानों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

इन परिस्थितियों को देखते हुए सीएआई अध्यक्ष शर्मा ने आग्रह किया है कि मधुमक्खी पालन एवं कृषि निर्यात क्षेत्र को भी वर्तमान निर्यात राहत पैकेज में शामिल किया जाए। इससे न केवल इस क्षेत्र को स्थिरता मिलेगी, बल्कि इससे जुड़े लाखों लोगों की आजीविका भी सुरक्षित हो सकेगी। सीएआई ने सरकार एवं संबंधित प्राधिकरणों से इस महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र हस्तक्षेप एवं सकारात्मक निर्णय का आग्रह किया है।

# बेनतीजा ईरान-अमेरिका वार्ता, तेल कीमतें और महंगाई के आंकड़े तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त होने से सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर निवेशकों की धारणा पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।***



विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों के अलावा कच्चे तेल की कीमतें भी इस सप्ताह बाजार की दिशा तय करेंगी। यह सप्ताह अवकाश के कारण छोटा रहेगा, क्योंकि मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कारण बाजार बंद रहेंगे।

ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि कूटनीति कभी समाप्त नहीं होती। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा कि ईरान द्वारा अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने के कारण शांति समझौता नहीं हो सका। उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष ने अपना अंतिम और सर्वोत्तम प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। वहीं, ईरानी पक्ष ने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद बने रहे।

पिछले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद बाजार में जोरदार तेजी आई थी। कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया था। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 4,230.7 अंक और एनएसई निफ्टी 1,337.5 अंक चढ़ा था।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि निफ्टी-50 इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। 24,000 अंक के स्तर को फिर से हासिल करने के बाद बाजार में सतर्क आशावाद दिख रहा था, लेकिन वार्ता विफल होने से निकट अवधि का परिदृश्य बदल गया है।

उन्होंने कहा, ''बिना किसी समाधान के वार्ता समाप्त होने से बाजार में फिर से उतार-चढ़ाव बढ़ने की आशंका है, जैसा संघर्ष के शुरुआती चरणों में देखा गया था।'' उनके अनुसार, सोमवार को प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ खुल सकते हैं।

इस सप्ताह बाजार पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों का भी असर रहेगा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि विप्रो, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के नतीजों पर निवेशकों की नजर रहेगी। इसके अलावा 13 अप्रैल को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और 14 अप्रैल को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े भी जारी होंगे, जो महंगाई के रुझान का संकेत देंगे।

# कोयले की कीमतों में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए कोल इंडिया खुद उठा रही है लागत का बोझ

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) उपभोक्ताओं को कोयले की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए बढ़ती कच्चे माल की लागत खुद वहन कर रही है। विस्फोटक और औद्योगिक डीजल जैसे प्रमुख कच्चे माल के खर्च में पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद तेज बढ़ोतरी हुई है।***



कंपनी ने कहा कि इस अतिरिक्त लागत को उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा रहा है, क्योंकि ऐसा करने से कोयले पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक असर पड़ सकता है।

कंपनी अपनी खदानों में काम कर रहे ठेकेदारों को बढ़ी हुई डीजल कीमतों का मुआवजा भी दे रही है।

खुले खनन में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटकों के प्रमुख घटक अमोनियम नाइट्रेट की कीमत एक अप्रैल तक 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इसके कारण विस्फोटकों की औसत लागत मार्च के अंत तक लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर करीब 49,800 रुपये प्रति टन हो गई।

कंपनी की अनुषंगी इकाइयां हर साल करीब नौ लाख टन विस्फोटकों का उपयोग करती हैं और इस पूरी अतिरिक्त लागत को कोल इंडिया खुद वहन कर रही है।

डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो मार्च के मध्य में लगभग 92 रुपये प्रति लीटर थी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने करीब 4.19 लाख किलोलीटर डीजल का उपयोग किया।

लागत में बढ़ोतरी के बावजूद कोयले को किफायती बनाए रखने के लिए कंपनी ने कई कदम उठाए हैं। इनमें कुछ ई-नीलामी में आरक्षित मूल्य कम करना, नीलामी की संख्या बढ़ाना और बाजार में अधिक मात्रा उपलब्ध कराना शामिल है। इन उपायों का उद्देश्य उद्योगों और उपभोक्ताओं को बढ़ती ऊर्जा लागत के प्रभाव से बचाना है, ताकि कोयले की कीमतें स्थिर बनी रहें।

अधिकारियों के अनुसार, यदि बढ़ती लागत को सीधे उपभोक्ताओं पर डाला गया, तो इसका व्यापक और क्रमिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट से पहले अगस्त, 2025 से जनवरी, 2026 तक अमोनियम नाइट्रेट की कीमतें स्थिर थीं, लेकिन इसके बाद इनमें तेजी आई, जिससे विस्फोटकों की लागत बढ़ गई।

# टीसीएस ने 2026-27 में 25,000 नए स्नातकों को नौकरी की पेशकश दी, और भर्तियां मांग पर निर्भर : अधिकारी..

मुंबई, (भाषा)।

***देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 25,000 नए स्नातकों (फ्रेशर) को नौकरी देने की पेशकश की है।***




कंपनी ने संकेत दिया है कि आगे कॉलेज स्नातकों की नियुक्तियां बाजार में मांग की स्थिति पर निर्भर करेंगी। टीसीएस के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक के कृतिवासन ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 44,000 नए स्नातकों की नियुक्ति की थी, जो देश में निजी क्षेत्र में किसी कंपनी द्वारा की गई भर्तियों का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। उन्होंने कहा कि 2026-27 के दौरान हमने 25,000 नए स्नातकों को नौकरी देने की पेशकश की है। मांग पर स्थिति स्पष्ट होने के बाद हम और नियुक्तियां करेंगे। पिछले तीन वर्षों से टीसीएस हर साल 40,000 से अधिक 'फ्रेशर्स' को नौकरी दे रही है।

कृतिवासन ने कहा कि फिलहाल अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि नए स्नातकों को किसी परियोजना में जोड़ने से पहले करीब नौ महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि अनुभवी कर्मचारी तुरंत काम शुरू कर सकते हैं। ऐसे में भर्ती रणनीति पूरी तरह व्यावसायिक जरूरतों पर निर्भर करती है। वित्त वर्ष 2025-26 में हुई लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कंपनी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के लिए लंबे समय तक करियर के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस छंटनी से कोई सीधा संबंध नहीं था, बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के तरीके में बदलाव के कारण वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकता कम हुई है।

कारोबारी माहौल पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी के पास परियोजनाओं की पाइपलाइन 'स्थिर' है, जो वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि नई मांग विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक बाजारों से आ रही है, जिसमें लागत अनुकूलन और डिजिटल बदलाव से जुड़े सौदे शामिल हैं।

टीसीएस ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 40 अरब डॉलर के नए अनुबंध हासिल किए हैं। उन्होंने कोई आंकड़ा दिए बिना कहा कि नए अनुबंधों को राजस्व में बदलने की दर भी बढ़ी है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी समीर सेकसरिया ने कहा कि टीसीएस विभिन्न उपायों से मुनाफा मार्जिन में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगी।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# कन्नौज में बेकाबू ट्रक का कहर, छात्रा समेत दो लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के छिबरामऊ क्षेत्र में रविवार सुबह एक बेकाबू ट्रक स्कूटी को टक्कर मारने के बाद एक दुकान में घुसकर पलट गया, जिससे स्कूटी सवार छात्रा समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।***

पुलिस सूत्रों ने बताया कि छिबरामऊ क्षेत्र में भाउलपुर तिराहे के पास रविवार सुबह साढ़े आठ बजे एक बेकाबू ट्रक ने ट्यूशन पढ़ने जा रही स्कूटी सवार छात्रा को पीछे से टक्कर मार दी और आगे जाकर एक दुकान से टकराकर पलट गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में छात्रा एवं फल विक्रेता की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक हेल्पर (खलासी), दुकानदार के दो बेटे तथा ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने बताया कि मृतक कन्हैया लाल को पांच लाख एवं इतनी ही सहायता मृतक छात्रा के परिजनों को दी जाएगी। चारों घायलों का इलाज किया जा रहा है।



पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह छिबरामऊ के दुर्गा नगर निवासी राजू कश्यप की बेटी अंशिका (14) अपनी स्कूटी से बाउल पुर तिराहे के पास स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने जा रही थी। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे जैसे ही वह तिराहे के पास पहुंची तभी पीछे से एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे अंशिका स्कूटी सहित ट्रक के नीचे आ गई। सूत्रों ने बताया कि कोयले से लदा ट्रक स्कूटी को टक्कर मारते हुए एक दुकान से टकराकर पलट गया जिससे फल विक्रेता कन्हैया लाल (65), उनके दो पुत्र अंकित (31) और अमित (25) के अलावा हेल्पर आदर्श पाल, ट्रक चालक सतेंद्र (28) ट्रक के नीचे आ गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के नीचे दबी छात्रा अंशिका, दुकानदार कन्हैया लाल, उनके दो बेटों अमित और अंकित तथा हेल्पर आदर्श पाल को बाहर निकाला। लेकिन तब तक छात्रा और कन्हैया लाल की मौत हो चुकी थी।

सूत्रों ने बताया कि चार अन्य घायलों को जिला अस्पताल छिबरामऊ भेजा गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने घोषणा की कि दोनों मृतकों के परिजनों को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

सपा के राज्य मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, अखिलेश यादव ने दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सपा ने मृतकों के प्रत्येक परिवार को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। यादव ने राज्य सरकार से इस घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आग्रह किया।

# कांकेर में दो स्विफ्ट कार भिड़ीं

# 6 लोगों की मौत, 3 की हालत गंभीर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***छत्तीसगढ़ के कांकेर में गुरुवार रात दो कारें भिड़ गईं। इस हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, 3 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे का शिकार हुए सभी लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। कांकेर जिला अस्पताल में घायलों का इलाज किया जा रहा है। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नथिया नवागांव के पास हुआ।***

जानकारी के अनुसार, मृतक चारामा ब्लॉक के उड़कूड़ा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में नाथिया नवागांव के पास दो कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो जाने से एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना स्थल के फोटो वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें देखा जा सकता है कि हादसा दुर्घटना संभावित क्षेत्र में हुआ। सड़क पर धीमी गति से वाहन चलाने का बोर्ड भी लगा था, लेकिन एक या दोनों कार के ड्राइवरों ने इसे नजर अंदाज किया। इस वजह से हादसा हुआ। चारामा क्षेत्र के उड़कुड़ा गांव का रहने वाला परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने कांकेर विकासखंड के चिवराज गांव गया था और कार्यक्रम से लौटते समय उनकी कार की सामने से आ रही दूसरी कार से टक्कर हो गई।



## मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा..

पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस दुर्घटना में विवाह समारोह से लौट रहे परिवार के छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं, एक बच्चा और दो पुरुष शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस दल ने शवों और घायलों को अस्पताल भेजा। घायलों को कांकेर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## नेशनल हाईवे-30 पर कई हादसे..

नेशनल हाईवे-30 पर इससे पहले भी कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं। जनवरी के महीने में इसी हाईवे पर बस और बाइक की टक्कर हुई थी। इस हादसे में पिता और बेटे की मौत हो गई थी। वहीं, दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हुई थीं। जनवरी के महीने में ही नेशनल हाईवे-30 पर कांकेर जिले में दो ट्रकों में भीषण टक्कर हुई थी। इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, हादसे के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया था।

## एमपी में पति को मारने का एक और कांड!

# 7 साल पुराने BF के लिए पति को दी दर्दनाक मौत..




डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्य प्रदेश के भिंड में दहलाने वाले घटना हुई है। यहां एक महिला ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करवा दी, जिसके बाद आज (शनिवार को) दोनों को अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस अधिकारी बताया कि***

23 साल की आरोपी रूबी ने जिले के अटेर थाना इलाके में बीते 8 अप्रैल को हुई इस वारदात को लूट का रंग देने की कहानी गढ़ी थी लेकिन पुलिस जांच में उसने सच्चाई कबूल कर ली।

## बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर रची साजिश..

एसपी असित यादव ने कहा कि रूबी और उसका 21 साल का प्रेमी विशाल विमल गिरफ्तार हो गए हैं, जबकि पति नीलेश जाटव की हत्या में साथ देने वाले एक दूसरे आरोपी राजेश कुशवाह की खोज चल रही है। उन्होंने कहा कि इस केस में मृतक की पत्नी ही मर्डर की साजिश की मुख्य आरोपी पाई गई, जिसने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर साजिश को अंजाम दिया।

## अज्ञात लुटेरों के जान से मारने की झूठी कहानी..

दरअसल, 8 अप्रैल को अटेर थाना पुलिस को खबर मिली थी कि एक बाइक सवार युवक नीलेश जाटव को उसकी पत्नी और बच्ची के सामने ही अज्ञात लुटेरों ने गोली मारकर जान से मार डाला। एसपी ने बताया कि इस केस में नीलेश जाटव की पत्नी ने पुलिस को बताया था कि वह अपने पति और बच्ची के साथ बाइक पर जामना गांव से खरिका लौट रही थी तभी रास्ते में उसका बैग गिर गया। जैसे ही पति ने बाइक रोकी और वह बैग उठाने गई, तभी पीछे से आए दो बदमाशों ने गोली मारकर पति की जान ले ली और फरार हो गए।

## मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ हुआ खुलासा..

फिर पुलिस ने अटेर थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मर्डर का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। एफएसएल टीम की मदद से तकनीकी और भौतिक साक्ष्य जुटाए। फिर जांच में पत्नी के बयान संदिग्ध मिले। इसके बाद भिंड पुलिस ने मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, जिसमें पूरे केस का खुलासा हो गया।

## 7 साल से देवर से था अफेयर..

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ में सामने आया कि मृतक की बीवी रूबी का रिश्ते में देवर विशाल विमल से करीब 7 साल से प्रेम प्रसंग था। दोनों आपस में व्हाट्सएप कॉलिंग और चैटिंग के माध्यम से लगातार संपर्क में रहते थे। पति उनके रिश्ते में बाधा था, इसलिए दोनों ने मिलकर उसका मर्डर करने की साजिश रची। उन्होंने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल 12 बोर का देसी कट्टा, खाली कारतूस, बिना नंबर की बाइक और मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

## धार हत्याकांड की कहानी..

हाल ही में मध्य प्रदेश में यह दूसरा ऐसा मामला उजागर हुआ था, जिसमें पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर अपने पति को मरवा दिया था। धार जिले में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर प्लानिंग की और 'सुपारी' देकर पति की जान ले ली। इस घटना को पहले लूट की घटना दिखाने की कोशिश हुई थी लेकिन बाद में पुलिस की जांच में सच सामने आया।

# तस्करी करके महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 163 नाबालिगों को मध्य प्रदेश में बचाया गया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के कटनी जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन से 163 नाबालिग लड़कों को तस्करी से बचाया गया, जिन्हें कथित तौर पर मजदूरों के रूप में काम करने के लिए बिहार से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।***




उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों ने दावा किया है कि छह से 13 साल की उम्र के बच्चों को शिक्षा के लिए लातूर के एक मदरसे में ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि बाल कल्याण समिति से मिली गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रातभर संयुक्त अभियान चलाकर कटनी रेलवे स्टेशन पर पटना-पूर्णा एक्सप्रेस में बिना उचित टिकट और दस्तावेजों के नाबालिगों के साथ यात्रा कर रहे आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरपीएफ(कटनी)

के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार बच्चों को बिहार के अररिया क्षेत्र से महाराष्ट्र के लातूर ले जाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि बल के कर्मियों को बच्चों की तस्करी के बारे में एक गुप्त सूचना मिली और जब उन्हें कोई वैध यात्रा दस्तावेज नहीं मिला तो उन्हें संदेह हुआ, जिसके बाद एक संयुक्त बचाव अभियान चलाया गया। सिंह ने कहा कि जीआरपी ने बिहार के विभिन्न जिलों के आठ आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 143 (4) (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लड़कों को मजदूरी करने के लिए लातूर ले जाया जा रहा था। संपर्क किए जाने पर जीआरपी (कटनी) के थाना प्रभारी एल पी कश्यप ने बताया कि बचाए गए बच्चे और आरोपी मुस्लिम समुदाय के हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर क्लास में यात्रा कर रहे थे और करीब 50 बच्चे एक डिब्बे में सवार थे।

अधिकारी ने कहा, 'पूछताछ के दौरान उन्होंने (आरोपियों ने) दावा किया कि बच्चों को शिक्षा के लिए लातूर के एक मदरसे में ले जाया जा रहा है। हमने कुछ अभिभावकों से संपर्क किया है, जिन्होंने यह भी कहा है कि उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेजा है।' उन्होंने कहा कि आरोपियों ने कहा है कि वे पहले भी बच्चों को मदरसों में ले जा चुके हैं। उन्होंने कहा, 'हम मामले की जांच कर रहे हैं। तस्करी के आरोप में जिन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ी संख्या में बच्चों को ले जाए जाने की सूचना मिली थी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मी प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार कर रहे थे और वहां पहुंचने पर डिब्बों की तलाशी ली और बच्चों को सुरक्षित हिरासत में ले लिया। बाल संरक्षण अधिकारी मनीष तिवारी ने कहा कि अधिकारियों ने इनपुट पर तुरंत कार्रवाई की, और बचाए गए बच्चों की काउंसलिंग चल रही है। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता से संपर्क करने के प्रयास शुरू हो गए हैं, जबकि अधिकारियों ने उनकी उम्र, पहचान और यात्रा के उद्देश्य की पुष्टि की है। कुछ बच्चों को कटनी में रखा गया है और कुछ को जबलपुर में बाल संरक्षण इकाइयों की देखरेख में रखा गया है।

# ईरान से जंग में इजरायल के 1 लाख करोड़ रुपये स्वाहा, जानें कहां कितना हुआ नुकसान..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव के बीच इजरायल ने युद्ध में अपने खर्च का ब्यौरा दिया है। ईरान के साथ जंग में इजरायल को कम से कम 11.5 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च उठाना पड़ा है,***

ये आंकड़ा इजरायल के वित्त मंत्रालय ने जारी किया है। इजराइल के वित्त मंत्रालय ने ईरान से युद्ध की लागत का अपना शुरुआती अनुमान जारी किया है। इसमें बिजनेस और एयरपोर्ट के बंद रहने की वजह से होने वाले नुकसान को जोड़ना बाकी है।

## सैन्य उपकरणों की खरीद आदि पर 60 हजार करोड़ खर्च..

इजरायल के वित्त मंत्रालय के मुताबिक, करीब 7.25 बिलियन डॉलर यानी 60 हजार करोड़ से ज्यादा रक्षा और सैन्य खर्च पर में देने पड़े, जिसमें रक्षा उपकरणों की खरीद और 1 लाख से ज्यादा रिजर्व सैनिकों की तैनाती शामिल है।

साथ ही, करीब 4 बिलियन डॉलर यानी 37 हजार करोड़ से ज्यादा रुपये व्यवसायों और आम नागरिकों को हुआ है, जो मिसाइल हमलों और जंग से जुड़ी अन्य वजहों से प्रभावित हुए। इसमें कामकाजी दिनों के नुकसान को भी शामिल किया गया है।

## इस तरह के आर्थिक नुकसान का आकलन अभी बाकी..

इजरायली वित्त मंत्रालय ने ये भी कहा कि कुछ खर्च जैसे कि 40 दिनों तक एयरपोर्ट और कई बिजनेस के बंद रहने से हुए आर्थिक नुकसान का पूरा आकलन करना अभी बाकी है। इसका प्रभाव भविष्य में और साफ होगा।

## गाजा से जंग में हर महीने 43 हजार करोड़ हो रहे थे खर्च..

गौरतलब है कि गाजा के साथ जंग के चरम पर इजरायल हर महीने करीब 4.7 बिलियन डॉलर यानी 43 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सैन्य खर्च कर रहा था, जो 7 अक्टूबर 2023 के अटैक से पहले के उसके मासिक बजट के दोगुना से भी ज्यादा था।

# श्रीलंकाई नौसेना ने अवैध शिकार के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने कम से कम 12 और भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी नाव को जब्त कर लिया है।***



एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, '11 अप्रैल की रात को चलाए गए एक अभियान के दौरान, श्रीलंकाई नौसेना ने एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त कर लिया और 12 भारतीय मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे काराइनगर जाफना के कोविलम के पास श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे थे।'

आठ अप्रैल को, बुधवार को मन्नार के उत्तर में स्थित समुद्री क्षेत्र में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने कम से कम 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी नावों को जब्त कर लिया था। इस वर्ष अब तक, श्रीलंकाई नौसेना ने अवैध शिकार के आरोप में 16 नावें जब्त की हैं और 112 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद विषय है, जिसमें श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है और श्रीलंकाई क्षेत्रीय जल में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त किया है।

तमिलनाडु और श्रीलंका को अलग करने वाला पाक जलडमरूमध्य, दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का एक समृद्ध क्षेत्र है। दोनों देशों के मछुआरे अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार हो जाते हैं।

# मिर्जापुर में वकील हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैरों में लगी गोली..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के कटरा क्षेत्र में अधिवक्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैरों में गोली लगने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।***



पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने रविवार को बताया कि शनिवार को विंध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी विरोही निवासी अधिवक्ता राजीव सिंह (40) उर्फरिंकू की सद्भावना नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कटरा थाने में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पांच टीमों का गठन किया गया था।

उन्होंने बताया कि यह मुकदमा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं–103(1) (हत्या), 351(3) (आपराधिक धमकी), 352 (शांति भंग करने के उद्देश्य से अपमान) और 3(5) (साझा आपराधिक कृत्य)– के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात रॉबर्ट्र्सगंज तिराहे पर जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा किए जाने पर उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेंद्र सोनकर बताया है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफछह आपराधिक मामले दर्ज हैं और अधिवक्ता हत्याकांड में उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573

## शादी में जाते समय काल का क्रुर प्रहार..

# नवेगाव बांध के पास भीषण सड़क हादसे में भाई-बहन की मौके पर ही मौत..

### माँ गंभीर रूप से घायल, देवरी शहर में शोक की लहर..


मृतक


मृतक


घायल

जगप्रेरणा देवरी।

***अपने ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए देवरी से निकले शहारे परिवार पर काल ने क्रुर प्रहार किया है। नवेगाव बांध के पास शनिवार शाम को हुए एक भीषण सड़क हादसे में***

के रहने वाले भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उनकी माँ गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनका गोंदिया के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### क्या है पूरी घटना?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवरी के वार्ड नंबर 14 की निवासी अरुणा शहारे अपनी स्कूटी से रिश्तेदारों की शादी में शामिल होने के लिए अपने ससुराल (अर्जुनी मोरगाव तहसील के बोलदे गांव) जा रही थीं। माँ और दो बच्चे, तीनों स्कूटी पर सवार थे। शनिवार शाम करीब 6:30 बजे नवेगाव बांध क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार तीनों सड़क पर गिर पड़े। दुर्भाग्य से, तेज रफ्तार वाहन का पहिया भाई-बहन के ऊपर से गुजर गया, जिससे वे बुरी तरह कुचले गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। या **'मृतकों और घायलों के नाम:'** अंकुर अरुण शहारे (आयु 18 वर्ष, निवासी देवरी) - मृत्यु। रितिका संजय जांभुलकर (आयु 10 वर्ष, निवासी चारभाटा/बोरगाव, तहसील देवरी) - मृत्यु। अरुणा अरुण शहारे (आयु 50 वर्ष, निवासी देवरी) - गंभीर रूप से घायल (गोंदिया के निजी अस्पताल में उपचार जारी)।

### पिता का साया पहले ही उठ चुका था..

वार्ड नंबर 14 में रहने वाले शहारे परिवार के मुखिया अरुण शहारे 'वंदना कन्या विद्यालय' में शिक्षक थे। कोरोना काल के दौरान उनका निधन हो गया था। उनका बेटा अंकुर 18 वर्ष का था और उसने इसी साल 12वीं की परीक्षा दी थी। उनकी एक बहन नागपुर में शिक्षा ग्रहण कर रही है। मृतक रितिका उनकी भांजी थी, जो चौथी कक्षा में पढ़ती थी और देवरी में अपनी मामी के पास ही रहती थी। शनिवार शाम अरुणा अपने बेटे और भांजी को लेकर स्कूटी से बोलदे गांव जा रही थीं। जब गांव महज 5 किमी दूर रह गया था, तभी नवेगाव बांध के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में स्कूटी चला रहीं अरुणा सड़क के किनारे जा गिरीं, लेकिन पीछे बैठे अंकुर और रितिका सीधे ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। हादसे में अरुणा के सिर पर गंभीर चोट आई है। पिता के निधन के बाद पूरे परिवार की जिम्मेदारी माँ अरुणा के कंधों पर थी। एक झटके में दोनों बच्चों की आंखों के सामने मौत हो जाने से इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### पूरे क्षेत्र में शोक..

हादसे की खबर मिलते ही बोलदे गांव और देवरी शहर में सन्नाटा पसर गया। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों के कारण मासूमों की जान जाने पर स्थानीय लोगों में काफी रोष है। इस घटना से देवरी शहर सहित पूरे परिसर में शोक व्यक्त किया जा रहा है। दोनों मृत बच्चों का अंतिम संस्कार देवरी में किया गया।

# देवरी तहसील में सनसनी: मुरपार परिसर में युवक का सड़ा-गला शव मिला..

### चार दिनों से था लापता, हत्या की आशंका, सालेकसा पुलिस में मामला दर्ज..

जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी तहसील के मुरपार इलाके में एक 22 वर्षीय युवक का सड़े-गले अवस्था में फांसी से लटका हुआ शव मिलने से पूरे परिसर में हड़कंप मच***

गया है। मृतक युवक का नाम मुकुंद गणेश वरखडे(उम्र 22 वर्ष, निवासी मुरपार) है, जो पिछले चार दिनों से लापता था। यह घटना शनिवार शाम को सामने आई।

### क्या है पूरी घटना?.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार (11 अप्रैल) शाम करीब 5:00 बजे कुछ चरवाहे मुरपार जंगल क्षेत्र के 'रान तालाब' इलाके में गए थे। वहां उन्हें ऐन के पेड़ पर नायलॉन की रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका हुआ एक शव दिखाई दिया। शव पूरी तरह से सड़ चुका था, जिसके कारण इलाके में भारी दुर्गंध फैली हुई थी। चरवाहों ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने घटनास्थल की ओर दौड़ लगाई।

### चार दिनों से था लापता..

मृतक मुकुंद वरखडे पिछले मंगलवार से घर से लापता था। परिवार के सदस्य और मित्र उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल रहा था। आखिरकार शनिवार को उसका शव जंगल में मिला। शव के बुरी तरह सड़ जाने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल था, लेकिन कपड़ों और प्राथमिक जानकारी के आधार पर उसकी पहचान मुकुंद के रूप में हुई।



### आत्महत्या या हत्या?

मुकुंद की मृत्यु का सटीक कारण क्या है, इसे लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उसने आत्महत्या की है या यह हत्या का मामला है, इसकी जांच सालेकसा पुलिस कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।

### पुलिस कार्रवाई..

घटना की सूचना मिलते ही सालेकसा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम **(Post-Mortem)** के लिए ग्रामीण अस्पताल, सालेकसा भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

आगे की जांच सालेकसा पुलिस थाने के अधिकारी और कर्मचारी कर रहे हैं।

# नागपुर विधान भवन में गूँजी गोंदिया की 'हुंकार': युवा संसद में छाई रूपाली ऊके..

### 'लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ' के मंत्र के साथ विपक्ष की कमान संभालते हुए रूपाली ने सत्ता पक्ष को घेरा, महिलाओं और युवाओं के हक में उठाई बुलंद आवाज..





जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगाव महाराष्ट्र की राजनीति के केंद्र, नागपुर के ऐतिहासिक विधान भवन से आज एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने प्रदेश के सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।***

मौका था 'युवा संसद' का, जहाँ विदर्भ की बेटी और कांग्रेस की महिला राष्ट्रीय पर्यवेक्षक रूपाली यादोराव ऊके ने अपने प्रखर नेतृत्व और बेबाक शैली से सबका दिल जीत लिया। जब रूपाली ऊके ने सदन के सेंट्रल हॉल में विपक्ष की कमान संभाली, तो उनकी आंखों में अटूट आत्मविश्वास और हाथों में जन-सरोकारों की फाइलें थीं। उन्होंने केवल भाषण नहीं दिया, बल्कि प्रशासन की चौखट पर न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हर युवा की पीड़ा को शब्दों में पिरोया। सदन की गरिमा को बरकरार रखते हुए उन्होंने साबित किया कि नेतृत्व के लिए केवल अनुभव ही नहीं, बल्कि अदम्य साहस और वैचारिक स्पष्टता की भी आवश्यकता होती है। संबोधन का सबसे प्रभावशाली हिस्सा महिलाओं के अधिकारों पर केंद्रित रहा। रूपाली ने 'आधी आबादी' की ताकत बनकर सदन को आईना दिखाया और स्पष्ट किया कि: महिलाएं अब केवल चुनावी वायदों का हिस्सा नहीं रहेंगी। नीति निर्माण **(Policy Making)** में महिलाओं की बराबरी की हिस्सेदारी अनिवार्य है। सुरक्षित शहर, स्वावलंबी नारी और सक्रिय राजनीतिक भागीदारी अब प्राथमिकता होगी।

### बोली रूपाली यादोराव ऊके..

'जब एक महिला अपनी शक्ति पहचान लेती है, तो वह बड़े से बड़ा सिंहासन हिलाने का मादा रखती है।'

श्रीमती प्रियंका गांधी जी के 'लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ' के विजन को अपना जीवन मंत्र बनाने वाली रूपाली ने गोंदिया के विकास और युवाओं के रोजगार पर तीखे सवाल दागकर सत्ता पक्ष को चिंता में डाल दिया। उन्होंने यह जता दिया कि वे केवल सोशल मीडिया की नेत्री नहीं, बल्कि जन-जन के संघर्ष की साथी हैं। जमीनी मुद्दों को सदन के पटल पर रखने की उनकी कला ने उन्हें एक परिपक्व नेता के रूप में स्थापित किया हैसदन से निकलते हुए रूपाली ऊके के तेवर कम नहीं हुए। उन्होंने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि विधान भवन में आज जो देखा गया, वह तो महज एक 'ट्रेलर' था, जनता के हक की असली 'पिक्चर' अभी बाकी है। गोंदिया से शुरू हुआ यह सफर अब नागपुर के गलियारों तक पहुँच चुका है, और रूपाली की यह हुंकार महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए अध्याय की आहट मानी जा रही है। आज महाराष्ट्र की हर बेटी रूपाली की इस वैचारिक जीत में अपना भविष्य देख रही है।

# आमगांव में 'गुरु गौरव' का महाकुंभ, महाराष्ट्र राज्य शिक्षक संघ का भव्य मेळवा

### मेधावी स्कूलों,आदर्श शिक्षक और सैवानिवुत्त लोगों का सम्मान; शिक्षा के क्षेत्र के दिग्गजों की मौजूदगी में 'रिसामा' में समारोह ..





जगप्रेरणा आमगांव।

***'शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत का फल बनना ही समाज की सच्ची तरक्की है'***

इस नेक सोच के साथ, महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ टीचर्स एसोसिएशन और महिला आघाड़ी, आमगांव ने 6 अप्रैल, 2026 को स्वर्गीय लक्ष्मणराव मानकर अध्यापक विद्यालय, रिसामा में शिक्षक का भव्य मेळवा किया। इस समारोह में आमगांव तहसील की पढ़ाई-लिखाई की ताकत को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में तहसील की गुणवत्ता को सही तरीके से सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से: **मुख्यमंत्री मेरी स्कूल सुंदर स्कूल:** इस स्पर्धा में तहसील में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले 3 स्कूलों की खास प्रसस्तीपत्र की गई। **स्पर्धा परीक्षा में सफलता:** स्कॉलरशिप एग्जाम और **NMMS**जैसे राष्ट्रीय स्तर स्पर्धा परीक्षा में सफलता पाने वाले 10 स्कूलों को सम्मानित किया गया। **आइडियल टीचर अवॉर्ड:** डिस्ट्रिक्ट आइडियल और 'आइडल' अवॉर्ड पाने वाले 3 टीचरों को खास तौर पर सम्मानित किया गया और उनके काम को पहचान दी गई।

इस समारोह की सबसे इमोशनल बात यह थी कि लंबे समय तक ज्ञान देने का पवित्र काम करने के बाद रिटायर हुए 27 टीचरों को उनकी अटूट सेवा के लिए बैज ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह, हाल ही में सेवा में शामिल हुए 15 नए नियुक्त और स्पेशल टीचरों का भी जोश के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति आमगांव की डिप्टी चेयरमैन माननीय श्रीमती सुनंदताई उके ने की। उद्घाटन जिला परिषद गोंदिया के एजुकेशन चेयरमैन माननीय सुरेश हर्षे ने किया। मुख्य अतिथि की मौजूदगी में **Z.P.** सदस्य उषाताई मेंढे, छबुताई उके, हनुमंतजी वट्टी, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र गौतम और पूर्व डिप्टी चेयरमैन नोहरलाल चौधरी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ग्रुप एजुकेशन ऑफिसर एस. जी. वाघमारे, एक्सटेंशन ऑफिसर ओ. एस. बिसेन, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट किशोर बावनकर, हेमंत पटले और अलग-अलग तालुका के प्रेसिडेंट खास मेहमान के तौर पर मौजूद थे।

इंट्रोडक्शन में, महेंद्र चौहान (प्रेसिडेंट, आमगांव ब्रांच) ने इस सभा का मकसद बताया, जबकि किशोर बावनकर ने ऑर्गनाइज़ेशन की अहमियत बताई। मौजूद बड़े लोगों ने भरोसा दिलाया कि वे हमेशा टीचर्स की ज़रूरी दि कतों को उनके गाइडेंस में हल करने में उनका साथ देंगे।

प्रोग्राम को जनरल सेक्रेटरी संदीप नंदेश्वर ने अच्छे से चलाया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महिला फ्रंट की प्रेसिडेंट सारिका मडावी ने दिया। महाराष्ट्र स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन, आमगांव के सभी पदाधिकारियों ने इस सभा को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

# एकलव्य रेजिडेंशियल स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में सावली स्कूल की शानदार सफलता..



### तेजस्विनी उइके और मृणाली उईक का चयन; स्कूल के ताज में सम्मान का एक और ताज..

जगप्रेरणा आमगांव।

***सावली में ज़िला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक आदर्श स्कूल की छात्रा तेजस्विनी उईके और मृणाली उईके ने एकलव्य रेजिडेंशियल स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में शानदार और शानदार सफलता हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है।***

बहुत मुश्किल हालात में भी, इन दोनों स्टूडेंट्स ने लगातार पढ़ाई, लगन और ईमानदारी से मेहनत के दम पर यह सफलता हासिल की। उनकी सफलता के पीछे स्कूल के गाइडिंग टीचर वसंत नाइक और माता-पिता का मज़बूत सपोर्ट था। उन्होंने कम उम्र में ही डिसिप्लिन, टाइम मैनेजमेंट और पढ़ाई के प्रति लगाव पैदा करके खुद को साबित किया है। इस सफलता से सावली गांव और स्कूल में खुशी का माहौल बन गया है और स्टूडेंट्स की हर जगह तारीफ़ हो रही है। स्कूल के ताज में सम्मान का एक और ताज जोड़ने वाली यह सफलता दूसरे स्टूडेंट्स को भी इंस्पायर करेगी। स्कूल के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक और गांववालों ने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके आगे के शैक्षणिक सफ़र के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रधानाचार्य संदीप तिड़के ने कहा, 'कड़ी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।' गट शिक्षणाधिकारी महेंद्र मोटघरे, केंद्र प्रमुख भगवत भोयर, आशा पोहनकर, वर्षा वाल्दे, वसंत नाइक, जॉनलाल मलगाम, शीतल खाड़े, वैशाली बड़े, मायाताई उइके, विद्या सोनवाने, वैशाली बिंजलेकर–ने छात्र को इस सफलता के लिए बधाई दी।

इस शानदार सफलता ने एक बार फिर सावली स्कूल की क्वालिटी और छात्राओं के पोटेंशियल को दिखाया है और माना जा रहा है कि भविष्य में ऐसे कई गुणवत्ता छात्र निकलेंगे।

# गोंदिया जिला राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस (शरदचंद्र पवार) के जिलाध्यक्ष बने गणेश पारधी..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की युवक इकाई में गोंदिया जिले के लिए एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति की घोषणा की गई है।***

पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विधायक शशिकांत शिंदे की स्वीकृति से युवक प्रदेशाध्यक्ष महेबुब शेख ने गणेश पारधी को राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस (शरदचंद्र पवार) का गोंदिया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। तिरोडा स्थित जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष रविकांत बोपचे के हाथों नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गणेश पारधी को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस नियुक्ति से गोंदिया जिले में युवक संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं शरद पवार, सुप्रिया सुळे और जयंत पाटील के विचारों को जन-जन तक पहुंचाते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गणेश पारधी ने पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन को मजबूत करने और आम लोगों के मुद्दों पर काम करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में आदिवासी आघाड़ी तालुका अध्यक्ष संजय धुर्वे, ओबीसी सेल अध्यक्ष महेश कुकड़े, शहर युवक अध्यक्ष टिपू सैय्यद, किशोर कुंभरे, बालक कुंभरे, अनिल रहांगडाले, रिशांत कठाने सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# काचेवानी के अतिक्रमण पर सख्त रुख..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

काचेवानी क्षेत्र में बढ़ती अतिक्रमण की समस्या को लेकर उपविभागीय अधिकारी कार्यालय, तिरोड़ा में विधायक विजय रहांगडाले की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिक्रमण के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, गटविकास अधिकारी, पुलिस निरीक्षक तथा वन विभाग के अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए तुरंत सख्त और प्रभावी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश विधायक रहांगडाले ने दिए। उन्होंने कहा कि जनहित की रक्षा, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा और क्षेत्र के सुव्यवस्थित विकास के लिए प्रशासन को समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

तिरोड़ा • गोरेगांव • आमगांव • सालेकसा • देवरी • मोरगांव अर्जुनी • तुमसर • साकोली • लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व में बिना मुंडेर के कुंए में गिरा बाघ, हुई मौत..

### क्या वनपरिक्षेत्र में असुरक्षित कूंए के निर्माण के लिये जिम्मेदार है वन विभाग..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व के बफर जोन से एक वन्य प्राणीयों के चाहने वालों के लिये हृदयविदारक खबर सामने आई है। इंसानी लापरवाही और असुरक्षित खुले कुंओं ने एक बार फिर एक युवा बाघ की जान ले ली। रविवार सुबह करीब 10 बजे तिरोडा वन परिक्षेत्र के कोडेलोहारा इलाके में एक खेत के*




खुले कुंए में 4 से 5 साल के बाघ का शव तैरता हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोडेलोहारा निवासी रूपचंद कावले के खेत में बने बिना मुंडेर (सुरक्षा दीवार) वाले कुंए में यह बाघ गिर गया था। वन अधिकारियों का प्राथमिक अनुमान है कि बाघ रात के अंधेरे में किसी शिकार का पीछा कर रहा होगा और मुंडेर न होने के कारण उसे कूंए की गहराई का अंदाजा नहीं लगा होगा, और कारण वह कूंए में समा गया।

### वन विभाग में हड़कंप, मौके पर पहुंचे आला अधिकारी..

घटना की सूचना मिलते ही नवेगांव-नागझिरा के उपसंचालक प्रीतम सिंह कोडापे, सहायक वन संरक्षक विजय धांडे, मनीषा चव्हाण और अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचे। बाघ के शव को बाहर निकालकर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के नियमों के अनुसार पोस्टमार्टम किया गया। मौके पर मौजूद वन्यजीव प्रेमियों और मानद वन्यजीव रक्षक सावन बहेकार ने इस घटना पर गहरा दुख और रोष व्यक्त किया है।

### उठाये गए सवाल..

एक स्थानीय वन्यजीव विशेषज्ञ ने कहा कि यह घटना वन्यजीव संरक्षण के दावों पर एक बड़ा सवालिया निशान है। जंगल से सटे खेतों में खुले कूंए बाघों के लिए 'डेथ ट्रैप' साबित हो रहे हैं। बफर जोन और कॉरिडोर क्षेत्रों में हजारों ऐसे कूंए हैं जिनमें सुरक्षा दीवार नहीं है। वन विभाग अक्सर किसानों से कूंए ढंकने की अपील तो करता है, लेकिन ठोस कार्ययोजना और आर्थिक सहायता के अभाव में स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों को वन्यजीव सुरक्षा के प्रति और अधिक संवेदनशील बनाने की जरूरत है। गौरतलब है कि सहायक वन संरक्षक मनीषा चव्हाण के नेतृत्व में मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जिलाधिकारी मंगेश गोंदवले ने भी घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अब देखना यह है कि प्रशासन इस घटना के बाद कुंओ को सुरक्षित करने के लिए क्या कड़े कदम उठाता है, या फिर ऐसे ही अनमोल वन्यजीवों के प्राण गंवाने का दृश्य देखने मिलता रहेगा।

## श्री महावीर मारवाड़ी इंग्लिश स्कूल में लिटिल मास्टर शेफ प्रतियोगिता' का हुआ भव्य आयोजन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*श्री महावीर मारवाड़ी इंग्लिश स्कूल में हाल ही में लिटिल मास्टर शेफ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी पाक-कला, रचनात्मकता एवं सुरक्षा संबंधी ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।*







इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गोंदिया शहर के प्रख्यात डॉक्टर्स डॉ. निर्मला जयपुरिया स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. सृष्टि केलंका बाल रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. निधि जयपुरिया आई स्पेशलिस्ट उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सर्वश्री सीताराम अग्रवाल, संस्था सचिव प्रकाशचंद कोठारी, दिनेश जयपुरिया, अमित खंडेलवाल, प्राचार्य अजय शामका, प्राचार्य अभिषेक अग्रवाल, प्राचार्य श्रीमती भारती रहांगडाले एवं प्राचार्य श्रीमती अर्चना अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को व्यावहारिक जीवन कौशल सिखाने में सहायक होती हैं। संस्था सचिव प्रकाशचंद कोठारी ने बच्चों को बचपन से ही पाक-कला सीखने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। श्रीमती भारती रहांगडाले ने कहा कि 'लिटिल मास्टर शेफ' प्रतियोगिता विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करती है, वहीं श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने इसे नए व्यंजनों और पाक तकनीकों को सीखने का सुनहरा अवसर बताया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को 'लिटिल मास्टर शेफ' की उपाधि, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्री-प्राइमरी वर्ग में दिव्यांश डोम्बले (एलकेजी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गुंज अवसरे (नर्सरी) द्वितीय एवं कुशल शर्मा (यूकेजी) तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार प्राइमरी वर्ग में जियांश सोनवाने (कक्षा 3) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वैष्णवी गुप्ता (कक्षा 1) द्वितीय तथा दिगिशा असाटी तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का आभार व्यक्त श्रीमति गर्ग द्वारा किया गया।

## मजबुत सामाजिक एकता के निर्माण में, सामुहिक विवाह समारोहों की बड़ी भुमिका - प्रफुल गोपालदास अग्रवाल

### युवा कुनबी समाज सेवा समिती साकरीटोला द्वारा 8 युगलों का भव्य सामुहिक विवाह समारोह संपन्न..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*युवा कुनबी समाज सेवा समिती साकरीटोला ने पिछले 20 वर्षो से सामुहिक विवाह समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन कर क्षेत्र में एक नई परम्परा की नींव रखी। अब अनेकों सामाजिक संगठन द्वारा सामुहिक विवाह का आयोजन किया जाता है, लेकिन निश्चित रुप से इस गौरवशाली परम्परा की शुरुआत साकरीटोला से युवा*

कुनबी समाज सेवा समिती ने की। सामुहिक विवाह जहां एक ओर दो परिवारों-युगलों को सामाजिक बंधन में बांधने का कार्य करते है, वहीं समाज भी एकत्रीत होकर एक मंच पर आता है, जिससे सामाजिक एकता की नींव मजबुत होती है, ऐसे उद्गार पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रतिनिधी प्रफुल गोपालदास अग्रवाल ने, साकरीटोला में युवा कुनबी समाज सेवा समिती द्वारा आयोजित सामुहिक विवाह समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने आगे सामुहिक विवाह समारोह की प्रासंगीकता बताते हुए कहा कि, सामुहिक विवाह से फिजुल खर्ची से छुटकारा तो मिलता ही है, साथ-साथ समाज में सामुहिकता की भावना का निर्माण होता है, जिससे स्वस्थ्य एवं मजबुत समाज की बुनियाद तैयार होती है। गोंदिया तालुका में भी गोपालदास जी अग्रवाल के नेतृत्व में हमने पिछले 10-12 वर्षो में सर्वधर्म सामुहिक विवाह का भव्य आयोजन कर हजारों युगलों को परिणयबद्ध कर सामाजिक दायित्व के निर्वाह का प्रयत्न किया। इस वर्ष भी आगामी अक्षयतृतीय 19 अप्रैल को ग्राम कामठा में हम भव्य सर्वधर्म सामुहिक विवाह का आयोजन कर रहे है। समारोह में प्रमुख रुप से पुर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नानाभाऊ पटोले, सांसद डॉ.प्रशांत पडोले, विधान परिषद सदस्य डॉ.परिणय फुके, पुर्व आमदार सहेषराम कोरोटे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम बाबा कटरे, विधायक संजय पुराम, पुर्व जिप अध्यक्ष उषाताई मेंढे, युवा कुनबी समिती अध्यक्ष संतोष बोहरे, सालेकसा नप अध्यक्ष विजय फुंडे, नप उपाध्यक्ष कुंदनभाऊ बहेकार, जिप सदस्य उषाताई शहारे, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदनाताई काळे, पृथ्वीराजभाऊ शिवनकर, रामदास हत्तीमारे, अरविंद फुंडे, प्रभाकर दोनोडे, युगराम कोरे, भुमेश्वर मेंढे, कमलबापू बहेकार, डॉ.संजय देशमुख, रमेश चुटे, महिला समिती अध्यक्ष इंदुताई कोरे सहित कुनबी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### चांदा फोर्ट गोंदिया एवं बालाघाट पैसेंजर

## यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी पर डीआरयूसीसी सदस्य विनोद (गुड्डु) चांदवानी ने सौंपा ज्ञापन

जगप्रेरणा गोंदिया।

*दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत संचालित चांदा फोर्ट गोंदिया एवं बालाघाट पैसेंजर ट्रेनों की लगातार हो रही लेटलतीफी को लेकर डीआरयूसीसी सदस्य विनोद (गुड्डू) चांदवानी ने महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को निवेदन सौंपकर गंभीर चिंता व्यक्त की।*



इस अवसर पर डीआरयूसीसी सदस्य लखमीचंद रोचवानी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश डुबानी भी उपस्थित थे। चांदवानी ने अपने निवेदन में बताया कि चांदा फोर्ट गोंदिया पैसेंजर ट्रेन चंद्रपुर और गोंदिया जैसे महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ने वाली एक सस्ती एवं सर्वसुलभ परिवहन सुविधा है, जिस पर क्षेत्र के गरीब, मध्यमवर्गीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं रोजगार से जुड़े युवाओं का बड़ा वर्ग निर्भर है। इस मार्ग पर लगभग 26 स्टॉपेज हैं तथा 100 से अधिक गांवों के नागरिकों का आवागमन इसी ट्रेन पर आधारित है। उन्होंने बताया कि कोविड काल के बाद से यह ट्रेन लगातार 3 से 4 घंटे की देरी से संचालित हो रही है। विशेष रूप से नवेगांव, सौंदड़ एवं गणखैरा स्टेशनों पर ट्रेन को 1 से 2 घंटे तक खड़ा रखा जाता है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार, बालाघाट पैसेंजर ट्रेन भी निरंतर विलंब से चल रही है, जिससे दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं मरीजों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है और उनके आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। चांदवानी ने महाप्रबंधक से अनुरोध किया है कि इन दोनों पैसेंजर ट्रेनों की समयपालन व्यवस्था में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## संजय विजय कुमार जायसवाल विशेष कार्यकारी अधिकारी नियुक्त..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र शासन ने दिनांक 4 मार्च 2026 के असाधारण राजपत्र द्वारा गोंदिया के विशेष कार्यकारी अधिकारियों की नियुक्ति की है। इसमें नगर के रामनगर क्षेत्र के श्री संजय विजय कुमार जायसवाल को भी नियुक्त किया*



गया है। श्री जायसवाल वर्तमान में विजयश्री नागरी सहकारी पत संस्था के अध्यक्ष पद पर कार्यरत है। वे जी ई एस रिटायर्ड एम्प्लॉयीज असो के सचिव एवं स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयोजक के रूप में समाज मे सक्रिय है। इससे पूर्व वे नगर के होमगार्ड कमांडर के रूप में अनेक वर्षो तक पदस्थ रहे। उन्होंने जी ई एस हाई स्कूल व कनिष्ठ महा. कामठा में शारिरिक शिक्षक के पद पर अपनी सेवायें दी। साथ ही उन्होंने एक वॉलीबॉल खिलाड़ी के रूप में नागपुर विद्यापीठ, राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर पर सहभाग किया है।

श्री जायसवाल ने अपनी नियुक्ति के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद श्री प्रफुल पटेल एवं पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र जैन का आभार व्यक्ति किया। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सर्वश्री प्रा अशोक हुकमानी, श्री भरत क्षत्रिय, श्री विजय बैस, एड विनोद जानी, श्री वसंत बढ़े, श्री एस ए वहाब, श्री शैलेषभाई पटेल, श्री गणेश चिन्धालोरे, श्री शकील भाई, श्री होमलाल गौतम, एड सतीश सुखदेव, मुकेश पटेल, महेन्द्र बढ़े, प्रवीण जायसवाल एवं दीपक श्रीवास आदि ने श्री जायसवाल की नियुक्ति का स्वागत किया।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### शादी समारोह वाले घर से गहने चोरी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/3/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान अंजोरा मे फर्यादी सुभाष गोवर्धन भांडारकर उम्र 47 निवासी अंजोरा अपने बेटी की शादी मे व्यस्त थे। घटना समय के दौरान अलमारी से कान के झुमके 3 ग्राम किमत 33,900 रुपये, नाक की नथनी 1 ग्राम किमत 10 हजार रुपये, गले का लॉकेट 2 ग्राम किमत 20 हजार रुपये, कुल 63,900 रुपये का माल आरोपी क्रमांक 1 शिवशंकर 2 राहुल धुर्वे ने चुराया है, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 249/2026 धारा 303,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मन्यार 2088 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### तेरे घर का पानी मेरे घर के सामने क्यो जमा करता है बोलकर की मारपीट..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/4/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान फर्यादी मंगलेश ग्यानीराम फरकुंडे उम्र 42 वर्ष निवासी कट्टीपार अपने घर की छपरी मे साफसफाई कर रहे थे। पानी ज्यादा होने से सामने वाले के घर के सामने गया, सामने रहने वाले निवासी ने आकर कहा तु अपना घर धो लेकीन पानी मेरे घर के सामने क्यो जमा कर रहा है, बोलकर गालीगलौच की तभी आरोपी के बेटे ने आकर कहा तु मेरे पिताजी से क्यो लडाई कर रहा है बोलकर लकडी से मारकर जख्मी किया और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 250/2026 धारा 118,1,352,351,3,3,5, बि एन एस 2023 के तहत दर्ज कर जाँच पोहवा चौधरी 1606 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### घर के सामने से मोटर सायकल चोरी..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/4/2026 के रात मे फर्यादी यशवंत राजकुमार कोरेटे उम्र 18 वर्ष निवासी मनोहर चौक ने अपने घर के सामने हमेशा की तरह अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एक्स 8596 किमत 45 हजार रुपये की रखी थी। घटना के समय रात मे किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 307/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा सुदेश टेंभरे 596 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### हायवे एन एच 6 पुल के निचे से मोटर सायकल चोरी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/4/2026 के 8 बजे के दरम्यान सौंदड मे फर्यादी प्रफुल सुधाकर चांदेवार उम्र 29 वर्ष निवासी सौंदड ने अपनी हिरो कंपनी की फैशन प्रो क्रमांक एम एच 35 एसी 0537 किमत अंदाजन 20 हजार रुपये, अपनी गणेश होटल ॅन्ड रेस्टारेंट के सामने हायवे ब्रिज के निचे रोज की तरह रखी थी। घटना वाले दिन अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 166/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोना संजीव चकोले 1171 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com